उज्जैन
रविवार
29
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-144
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



मलाइका ने सोराब बेदी संग डेटिंग रूमर्स पर तोड़ी चुप्पी

## रेमंड के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का निधन

नई दिल्ली। रेमंड ग्रुप के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का 87 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके बेटे



गौतम सिंघानिया ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर 3 बजे मुंबई के चंदनवाड़ी श्मशान घाट में होगा। गौतम सिंघानिया ने अपने मैसेज में लिखा है कि उनके पिता एक दूरदर्शी नेता और समाजसेवी इंसान थे, जिनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। विजयपत सिंघानिया देश की प्रमुख टेक्सटाइल कंपनी रेमंड ग्रुप के पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर रहे हैं।

## इंडिगो फ्लाइट का इंजन फेल, दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** विशाखापट्टनम से दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6ए 579 की शनिवार सुबह दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इंजन बंद होने की वजह से इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट में 160 यात्री सवार थे। विमान की सुरक्षित लैंडिंग के लिए एयरपोर्ट के रनवे 28 पर 'फुल इमरजेंसी' लागू की गई थी। रनवे के चारों ओर दमकल की गाड़ियां और एंबुलेंस मौजूद थीं, जिस बोइंग 737 विमान के इंजन में खराबी आई, वह तुर्की की कोरेनडन एयरलाइन्स से लीज पर लिया गया है। फ्लाइट 6ए 579 में लैंडिंग से ठीक पहले एक तकनीकी खराबी सामने आई। सावधानी बरतते हुए और तय नियमों के मुताबिक पायलटों ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल से पहले लैंडिंग की अनुमति मांगी।

## पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख कमर बाजवा की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा का 65 साल की उम्र में शनिवार को निधन हो गया।



फरवरी में घर के बाथरूम में फिसलने के बाद उन्हें सिर में गंभीर चोट लगी थी, जिसके बाद रावलपिंडी के मिलिट्री अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था और वे क्ढ्व में भर्ती थे। डॉक्टरों ने उनकी सर्जरी की थी। शुरूआत में डॉक्टरों ने सर्जरी को सफल बताया था, लेकिन उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी और लगातार निगरानी में रखा गया था। बाजवा 2016 से 2022 तक पाकिस्तान के सेना प्रमुख रहे और रिटायरमेंट के बाद भी देश की राजनीति और सुरक्षा मामलों में प्रभावशाली माने जाते थे।

## मिसाइल का मलबा गिरने से अबू धाबी में भारतीय की मौत

**तेल अवीव।** ईरान ने गुरुवार को इजरायल और अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। अबू धाबी में ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले की चपेट में आकर एक भारतीय और एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई। हमले में एक भारतीय समेत तीन अन्य लोग घायल हो गए। अबू धाबी के मीडिया कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि हमले के बाद बैलिस्टिक मिसाइलों का मलबा सड़क पर फैल गया जिसकी चपेट में आने से दो लोगों की जान चली गई। बयान में बताया गया कि इस हमले के चलते आसपास के कई सरकारी भवनों और वाहनों को भारी नुकसान हुआ है। हमले के बाद आसपास के इलाके को पूरी तरह सील कर दिया गया है। यूएई में स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिक की मौत पर दुख जताया है।

### 31 मार्च को काशी में होगा एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन; सीएम होंगे शामिल

# उज्जैन-चित्रकूट-काशी को जोड़कर बनेगा नया 'टूरिज्म सर्किट'

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश के धार्मिक पर्यटन को ग्लोबल पहचान दिलाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 31 मार्च को वाराणसी (काशी) में एक बड़ा रोडमैप तैयार करेंगे। 31 मार्च को होने वाले एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 का मुख्य केंद्र बिंदु धार्मिक पर्यटन और आधुनिक तीर्थ प्रबंधन होगा। मुख्यमंत्री का विजन है कि जिस तरह काशी विश्वनाथ कॉरिडोर ने यूपी के पर्यटन को बदला है, उसी तर्ज पर एमपी के पवित्र स्थलों का कायाकल्प किया जाए।


सम्मेलन में सबसे बड़ी घोषणा 'काशी-उज्जैन-चित्रकूट' टूरिज्म सर्किट को लेकर हो सकती है। सरकार का प्लान है कि इन तीनों पवित्र शहरों को एक ही रूट और पैकेज से जोड़ा जाए। इसके लिए टूर ऑपरेटर्स के साथ मिलकर एक साझा मॉडल तैयार किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु एक ही यात्रा में तीनों धामों के दर्शन सुगमता से कर सकें।



### काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का अध्ययन करेंगे उट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव 31 मार्च को अपनी यात्रा की शुरूआत काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के भ्रमण से करेंगे। यहां वे 'क्राउड मैनेजमेंट', इंफ्रास्ट्रक्चर लेआउट और श्रद्धालुओं के लिए बनाई गई आधुनिक सुविधाओं का बारीकी से अध्ययन करेंगे। इस सफल मॉडल की तर्ज पर एमपी में भी तीर्थयात्रियों के लिए व्यवस्थाएं बेहतर की जाएंगी।

### गंगा-नर्मदा क्राफ्ट कॉरिडोर की शुरूआत



पर्यटन के साथ-साथ रोजगार पर भी जोर रहेगा। 'जॉइंट आर्टिजन वर्कशॉप' में एमपी के चंदेरी-महेश्वरी शिल्पकार और बनारस के सिल्क कारीगर एक साथ आएंगे। 'गंगा-नर्मदा क्राफ्ट कॉरिडोर' के जरिए दोनों राज्यों के उत्पादों की साझा ब्रांडिंग की जाएगी, जिससे स्थानीय कारीगरों को अंतरराष्ट्रीय बाजार मिल सके।

**एमपी-यूपी के बीच होंगे ऐतिहासिक समझौते-** इस दौरान पर्यटन, निवेश और हस्तशिल्प को लेकर कई एमओयू साइन किए जाएंगे। सम्मेलन में प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें एमपी के प्रमुख पर्यटन स्थलों और ओडीओपी उत्पादों की ताकत दिखाई जाएगी।

### मप्र के 40 जिलों में 3 दिन बारिश की चेतावनी

## हिमाचल समेत 7 राज्यों में ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी है। मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, राजस्थान समेत सात राज्यों में रविवार को ओले गिरने की चेतावनी जारी की है। हिमाचल प्रदेश के 5 जिलों में ओलावृष्टि के साथ साथ आंधी और तूफान चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर, रायबरेली और अमेठी में ओले गिरे। प्रयागराज और वाराणसी बारिश हुई। प्रतापगढ़ में आंधी से अयोध्या-प्रयागराज हाईवे किनारे लगा यूनीपोल उखड़कर खड़ी कार पर जा गिरा। चित्रकूट में कुछ जगहों पर गेहूं की फसल गिर गई। मध्य प्रदेश में 29 मार्च से आंधी-बारिश का एक मजबूत सिस्टम एक्टिव होने जा रहा है।


इसका असर करीब 3 दिन तक रहेगा। इस दौरान भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत लगभग 40 जिलों में बारिश और तेज हवा चलने का अलर्ट है। मौसम विभाग ने 12 जिलों में ऑरेंज तो 26 जिलों में आंधी-बारिश और आकाशीय बिजली का यलो अलर्ट जारी किया है।

## ईरानी मीडिया की अमेरिकी सैनिकों को चेतावनी- नरक में स्वागत है, अब ताबूत में वापस जाओगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ईरान के अंग्रेजी अखबार तेहरान टाइम्स ने शनिवार को अमेरिका को साफ चेतावनी दी है कि अगर अमेरिकी सैनिकों ने ईरान की जमीन पर कदम रखा तो ताबूत में वापस लौटेंगे। अखबार ने अपने फ्रंट पेज पर लिखा- नरक में आपका स्वागत है।

दूसरी ओर 3,500 एक्स्ट्रा अमेरिकी सैनिक मिडिल ईस्ट पहुंचे हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार ये सैनिक वर त्रिपोली जहाज के जरिए वहां पहुंचे हैं। ये सैनिक और नाविक 31वीं मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट का हिस्सा हैं।



उनके साथ ट्रांसपोर्ट और लड़ाकू विमान भी भेजे गए हैं। पाकिस्तान में कल तुर्किये, मिस्र और सऊदी अरब के विदेश मंत्रियों की बैठक होगी। यहां वे पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। इस्लामाबाद में होने वाली इस बैठक में मिडिल ईस्ट के हालात पर चर्चा होगी।

## रेप आरोपी बाबा के खिलाफ 100 शिकायतें मिलीं, इसमें ज्यादातर महिलाएं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के नासिक में गिरफ्तार स्वयंभू ह्वबाबा' अशोक खरात के खिलाफ दो और मामले दर्ज हुए हैं। पुलिस ने शनिवार को बताया कि जांच कर रही स्ब्क्क को पिछले पांच दिनों में फोन पर 100 से ज्यादा शिकायतें मिली हैं। रोगों से जानकारी लेने के लिए दो फोन नंबर जारी किए हैं। खरात के खिलाफ कुल 10 त्रक्रक्रदर्ज हो चुकी हैं। इनमें से 8 मामले यौन शोषण और 2 मामले धोखाधड़ी के हैं। खरात को 18 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। महिला ने आरोप लगाया था कि खरात ने तीन साल तक उसका बार-बार रेप किया। शुक्रवार को एक और महिला की शिकायत पर नया केस दर्ज हुआ। महिला ने पुलिस को बताया वह अपने पति से खराब संबंध और आर्थिक समस्याओं के कारण सलाह लेने खरात के पास गई थी। खरात ने कहा कि समस्या का समाधान चाहिए तो उसकी हर बात माननी होगी। इसके बाद उसने मार्च 2022 से 2024 के बीच उसका यौन शोषण किया। शुक्रवार को दर्ज दूसरा मामला नेवासा के कपड़ा व्यापारी राजेंद्र भगवत की शिकायत पर दर्ज किया गया।

## राममंदिर से 800 मीटर दूर हादसा, यज्ञ स्थल में लगी आग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अयोध्या

अयोध्या में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के यज्ञ स्थल में शनिवार दोपहर 12 बजे अचानक भीषण आग लग गई। एक एकड़ में फैला यज्ञ स्थल कुछ ही मिनटों में जलकर खाक हो गया। गनीमत यह रही कि हादसे के वक्त यज्ञशाला खाली थी।

करीब डेढ़ घंटे पहले ही मंत्री का 9 दिवसीय लक्ष्मीनारायण महायज्ञ पूर्ण हुआ था। उस वक्त करीब 50 हजार से अधिक लोग मौजूद थे। यज्ञ स्थल, राम मंदिर से 800 मीटर दूर है। बताया जा रहा है कि यज्ञ के पूर्ण होने के बाद एक नारियल फूटने से चिंगारी निकली, जिससे कपड़े से बने पंडाल में आग लग गई। यज्ञशाला में आग की घटना के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बड़ा आरोप लगाया है। ट्वीट कर लिखा कि यज्ञ के नाम पर बड़े पैमाने पर वसूली हुई लेकिन पैसे बचाने के चक्कर में विशेषज्ञों की देखरेख के बिना ही ये आयोजन हुआ। यज्ञ में शामिल एक व्यक्ति ने बताया- मंत्री के 9 दिवसीय महायज्ञ के लिए यज्ञशाला में 1,251 हवन कुंड बने थे। शनिवार को आखिरी दिन यज्ञशाला में मंत्रोच्चारण के बीच 5 हजार से अधिक यजमानों ने आहुति दी। इसके बाद लोग घर चले गए, तभी हादसा हो गया। संयोग अच्छा था कि यज्ञ समाप्त हो चुका था और पूरा पंडाल खाली था।

## 100 की स्पीड में कार भगा रहा था ड्राइवर, 5 की जान लेने वाला नशे में धुत मिला

### मेडिकल जांच में 175 मिलीग्राम शराब की पुष्टि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर में शुक्रवार की सुबह 3 बजे हुए भीषण सड़क हादसे पांच लोगों की मौत हो गई। चार घायल हुए हैं। इन मौतों की वजह नशा और स्पीड का कॉकटेल है। आरोपी कार चालक घटना के समय नशे में था। जब कार आगे जा रहे ऑटो से टकराई तो कार की स्पीड 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार में थी।

मेडिकल जांच में पता चला है कि घटना के वक्त आरोपी कार चालक के पेट में 175 मिलीग्राम शराब मिली है। पुलिस ने स्कॉर्पियो को पकड़ा तो चालक नशे में था। पुलिस ने बिना कोई देर किए चालक का मेडिकल कराया है। जिसमें उसके पेट में 175 मिलीग्राम शराब मिली है। यह तो वह शराब है जो टेस्ट तक पच नहीं पाई थी, इसी से अंदाजा लगाया



अमन शर्मा, आरोपी

जा सकता है कि उसने रात भर में कितनी शराब पी होगी।

जबकि कार की स्पीड की पुष्टि DIAL 112 से हुई है। दरअसल, बस स्टैंड के सामने ई-रिक्शा में कार ने टक्कर मारी तो वह पलक झपकते ही गायब हो गई। उक्क्अछ 112 यानी एफआरवी वाहन ने कार चालक को पकड़ा तो उनको अपनी गाड़ी की स्पीड 100 किलोमीटर प्रति घंटे करनी पड़ी थी।

## सर्प मित्र को घायल कामन कोबरा मिला, उपचार कर छोड़ा

-वैदिक घडी के पीछे बस्ती में आधा मिट्टी में दबा हुआ था,मोरों ने घायल किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जंतर मंतर के पीछे बस्ती में कामन कोबरा सांप मिट्टी के ढेर में दबा हुआ था। उसके पिछले हिस्से को मोरों ने चोंटिल कर दिया था। शनिवार दोपहर में इसकी सूचना सर्प मित्र को मिलने पर घायल सर्प का रेस्क्यू किया गया और पशु चिकित्सक से उपचार के उपरांत उसे नौलखी बीड में छोड़ा गया है।

सर्प मित्र दिलीप शेर के अनुसार बस्ती से रमेश माली ने उन्हें सूचना देते हुए सर्प की जानकारी दी थी। स्थल पर जाकर देखने पर सर्प का अगला भाग मिट्टी में दबा हुआ था और पिछला भाग बाहर था। सूचनाकर्ता माली ने उन्हें बताया कि पिछले 2-3 दिन से सर्प इसी स्थिति में है और मोरों ने उसे घायल कर दिया है। मिट्टी में दबे सर्प का रेस्क्यू किया गया। उसका उपचार करवाने के उपरांत उसे नौलखी बिड में छोडा गया है। सर्प के उपरी भाग में ही चोंट थी। पशु चिकित्सक अरविंद मैथनिया ने बताया कि उनके पास सर्प मित्र दिलीप शेर आए थे और कामन कोबरा 6 फीट लंबा लेकर आए थे। सर्प नर था और उसका वजन 1190 ग्राम था। घायल सर्प के जख्मों को हाईड्रोजन पैराआक्साईड से साफ करने के बाद बिटाडीन स्प्रे से साफ किए गए। एंटीसेप्टिक ड्रेसिंग की गई। सर्प पूरी तरह से एक्टिव था जिसे जंगल में छोडा जा सकता था। घाव उपरी होने से जल्दी ही भर जाएंगे।

## अंतरराष्ट्रीय हिमालयीय समर्पण ध्यानयोग शिविर 31 मार्च से


उज्जैन। श्री शिवकृपानंद स्वामी फाउंडेशन तथा आयुष मंत्रालय द्वारा समर्थित संत गजानन महाराज की पावन नगरी शेगांव में अंतरराष्ट्रीय हिमालयीय समर्पण ध्यानयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 31 मार्च से 2 अप्रैल तक प्रतिदिन शाम 6 बजे से शेगांव के स्व. गजानन दादा पाटील मार्केट यार्ड स्थित कॉटन मार्केट मैदान में सद्गुरु श्री शिवकृपानंद स्वामीजी की उपस्थिति में पूर्णतः निःशुल्क आयोजित होगा।

उज्जैन समर्पण ध्यान सेंटर द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार सद्गुरु श्री शिवकृपानंद स्वामीजी एक आत्मसाक्षात्कार प्राप्त ऋषि तथा हिमालयीय समर्पण ध्यानयोग के प्रणेता हैं। सद्गुरु श्री गजानन महाराज का शेगांव स्थित समाधि स्थल स्वामीजी का प्रेरणास्रोत है। गजानन महाराज की कृपा और प्रेरणा से ही स्वामीजी हिमालय गए तथा वहां उन्हें आत्मज्ञान की प्राप्ति हुई। स्वामीजी ने हिमालय में 16 वर्ष कठोर ध्यान साधना कर 800 वर्ष पुरानी प्राचीन समर्पण ध्यानयोग परंपरा को समाज में पुनः प्रतिष्ठापित किया है।

आज इस ध्यानयोग का प्रसार विश्व के 72 से अधिक देशों में हो चुका है। उनके इस वैश्विक कार्य की सराहना करते हुए उन्हें वर्ल्ड मेडिटेशन फाउंडेशन की विश्व मेडिटेशन एक्सपर्ट कमेटी में नियुक्त किया गया है।

# 90 लाख की लागत से बना नगर वनः क्षिप्रा विहार की नक्षत्र वाटिका में शहर को मिला मिनी फॉरेस्ट





### नर्सरी से विकसित हुआ शहर का नया ग्रीन जोन

### पुरानी नर्सरी का कायाकल्प, 10 हजार पौधों के बीच स्वास्थ्य, प्रकृति और मनोरंजन का एकीकृत मॉडल तैयार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के वार्ड क्रमांक 54 स्थित क्षिप्रा विहार कॉलोनी में नगर निगम द्वारा विकसित ङ्गनगर वन नक्षत्र वाटिकाह्व अब शहरवासियों के लिए नया आकर्षण बनकर उभरी है। लगभग 90 लाख रुपए की लागत से तैयार इस प्रोजेक्ट का लोकार्पण मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया।

उपयोग पूर्व में यह क्षेत्र नगर निगम की नर्सरी के रूप में उपयोग में था, जहां लकड़ियों का भंडारण होता था। लगभग 1.05 लाख स्क्वायर फीट (करीब 4.5 बीघा) क्षेत्रफल में फैली इस जमीन का पुनर्विकास कर इसे हरित क्षेत्र में बदला गया। यह कदम शहरी भूमि के बेहतर उपयोग का उदाहरण माना जा सकता है।

वाटिका में 8 से 10 हजार पौधे लगाए गए हैं। इनमें नीम, जामुन, अमरूद, आंवला जैसे स्थानीय और उपयोगी प्रजातियों को प्राथमिकता दी गई है, जो पर्यावरण संतुलन और वायु गुणवत्ता सुधार में सहायक हैं।

साथ ही नक्षत्र वाटिका की अवधारणा के तहत राशि और ग्रहों के आधार पर पौधारोपण किया गया है, जो पारंपरिक मान्यताओं और आधुनिक शहरी डिजाइन का मिश्रण प्रस्तुत करता है। वाटिका में नागरिकों के लिए विभिन्न उपयोगी सुविधाएं विकसित की गई हैं: एक्यूप्रेशर ट्रैक (स्वास्थ्य लाभ हेतु) जॉगिंग वॉकवे और पाथवे बच्चों के लिए झूले और प्ले एरिया ओपन जिम उपकरण गजीबो और सेल्फी प्वाइंट आकर्षक लाइटिंग और फाउंटेन रिचार्ज पिट व कंपोस्ट पिट (जल संरक्षण और कचरा प्रबंधन के लिए) इसके अलावा, शेर, जिराफ और हिरण की प्रतिकृतियां इस तरह स्थापित की गई हैं कि आगंतुकों को प्राकृतिक जंगल जैसा अनुभव हो।

### व्यवहार सुधार पर जोर

# स्वच्छता पर सख्ती.. एक दिन में 75 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला



### अतिक्रमण से लेकर प्लास्टिक उपयोग तक—निगम की बहुआयामी कार्रवाई,

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने शहर में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर 75 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला। यह कार्रवाई निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर की गई, जिसमें स्वच्छता निरीक्षकों ने अलग-अलग प्रकार के उल्लंघनों पर दंडात्मक कदम उठाए। 43 हजार रुपये सड़क और नालियों पर अतिक्रमण करने वालों से वसूले गए, जो शहरी अव्यवस्था की प्रमुख वजह मानी जाती है। वहीं खुले में गंदगी फैलाने पर 17 हजार रुपये, कचरा जलाने पर 6 हजार रुपये और मेडिकल वेस्ट के अनुचित निस्तारण पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। मिक्स कचरा देने ,निर्माण सामग्री सड़क पर रखने और डस्टबिन नहीं रखने जैसे मामलों में भी एक एक हजार का दंड वसूला गया। निगम की यह कार्रवाई केवल दंड तक सीमित नहीं, बल्कि नागरिक व्यवहार में बदलाव लाने की रणनीति का हिस्सा है। अधिकारियों का मानना है कि स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग के लिए जनभागीदारी जरूरी है। इसी के तहत नागरिकों और व्यापारियों से अपील की गई है.

# पुस्तक मेले के आयोजन से पूर्व ही स्कूलों को किताबों के निर्देश

### समिति ने छोटे बच्चों के लिए तय की किताबें

### जिला शिक्षाअधिकारी बोले अगर पालकों की शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिले में इस बार पुस्तक मेले के आयोजन से पूर्व ही छोटे बच्चों की किताबों को लेकर स्कूलों को निर्देश दिए जा चुके हैं। सूचीबद्ध किताबों को लेकर स्कूलों को निर्देशित किया गया है। उससे अलग किताबें मंगवाने पर स्कूलों पर कार्रवाई होगी। किताबों को लेकर जिला समिति ने बैठक की और उसके बाद बच्चों के लर्निंग मटेरियल के मान से तय किया गया है। इसके बाद भी अगर पालकों की शिकायतें प्राप्त होती है तो ऐसे में स्कूलों पर सख्त कार्रवाई होगी।

इस वर्ष उज्जैन में पुस्तक मेले के आयोजन को लेकर संशय की स्थिति है। मेले से पूर्व ही छोटे बच्चों की किताबों को लेकर मार्च के मध्य में ही शिक्षा विभाग ने सबकुछ तय कर दिया है। किताबों के नाम पर निजी स्कूलों में अगर गडबड होती है और पालकों पर बेवजह का आर्थिक बोझ डाला जाता है तो ऐसे में स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होना भी तय है।

शिक्षा विभाग ने जिला समिति की बैठक बुलाई। इसमें पूर्व से स्कूलों से किताबों की सूची बुलवाकर समिति के समक्ष रखा गया। समिति ने दो बार की बैठक में बच्चों की किताबों के लिए आई सूची में से ज्यादातर छोटे बच्चों के लर्निंग मटेरियल के मान से किताबों का चयन किया गया। सुलभ एवं सस्ती किताबें रखी गई। किताबों के चयन से पालकों के साथ बारगनिंग की स्थिति पर अंकुश लगाया गया है। चयनित किताबें ही स्कूल द्वारा मंगवाई जाएंगी अगर इसके अतिरिक्त मंगाने की शिकायतें मिली तो स्कूल पर कार्रवाई भी होगी। छोटे बच्चों के स्कूल अप्रैल में शुरू हो जाएंगे। उनकी किताबों में ही स्कूल ऐसे प्रकाशकों की किताबें रखते हैं जो सुलभता से नहीं मिलती है और उनके वितरक भी शहर में एकाध ही होते हैं। ऐसे में पालकों को मुंह मांगे दाम वाली पुस्तकें खरीदने पर मजबूर होना पडता है।

# उज्जैन में नलखेड़ा पैटर्न पर बना मां बगलामुखी धाम, आस्था के साथ आर्किटेक्चर भी बना आकर्षण

### शेरमुखी द्वार, दीपमालिका और मूल स्वरूप जैसी प्रतिमा—स्थानीय धार्मिक पर्यटन को मिल सकता है नया आयाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में एक नया आध्यात्मिक केंद्र उभरकर सामने आया है। बड़नगर रोड स्थित दंडी आश्रम के सामने निर्मित मां बगलामुखी मंदिर न केवल आस्था का केंद्र बन रहा है, बल्कि अपनी संरचना और डिजाइन के कारण भी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। यह मंदिर नलखेड़ा बगलामुखी मंदिर की तर्ज पर विकसित किया गया है, जो प्रदेश में मां बगलामुखी की प्रमुख शक्तिपीठों में से एक माना जाता है। मुख्य प्रवेश द्वार शेर के मुख के आकार में तैयार किया गया है मंदिर परिसर में दीपमालिका का निर्माण गर्भगृह में स्थापित माता जी की प्रतिमा भी बगलामुखी माता जी के स्वरूप में विराजित है।



यहां सभी तत्व नलखेड़ा मंदिर के मूल स्वरूप से प्रेरित हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि निर्माण में धार्मिक प्रतीकों की पुनर्रचना पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को वही आध्यात्मिक अनुभव मिल सके।

हाल ही में मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा, शिखर स्थापना और कलश स्थापना जैसे प्रमुख धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए। इसके बाद मंदिर को आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है। वर्तमान में यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

### संकल्प का परिणाम

नवनिर्मित श्री पीतांबरा बगलामुखी धाम आश्रम के परम भगवती साधक तपोनिधि संत स्वामी विजयानंदपुरी महाराज के अनुसार वे वर्ष 1986 से मां भगवती की साधना में हैं। 2010 से संकल्प लेकर 2022 तक 108 पंचकुंडी एवं नवकुंडी यज्ञ सम्पन्न किए उनका दावा है कि यह मंदिर देवी की प्रेरणा से निर्मित हुआ है और उज्जैन से उनके आध्यात्मिक जुड़ाव ने इस संकल्प को साकार किया।

उज्जैन
रविवार
29
मार्च, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात्, न ब्रूयात् सत्यमप्रियम्।
प्रियं च नानृतं ब्रूयात्, एष धर्मः सनातनः॥
अर्थः सच बोलो, मधुर बोलो। अप्रिय सच मत बोलो। प्यारा लगने वाला झूठ भी मत बोलो, यही सनातन धर्म है।

# 10-15% उद्योगों में एक ही शिफ्ट में काम

## इजराइल-ईरान युद्ध के चलते रॉ मटेरियल की कीमतें 30% तक बढ़ी; शटडाउन की बन रही स्थिति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इजराइल-ईरान युद्ध का असर अब मध्य प्रदेश के उद्योगों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। कच्चे माल की कीमतें 20 से 30 फीसदी तक बढ़ गई हैं। वहीं, लॉजिस्टिक लागत भी 5 गुना महंगी हो गई है। इसका सीधा असर उत्पादन और सप्लाई पर पड़ रहा है। एक्सपोर्ट के साथ-साथ घरेलू बाजार भी प्रभावित हो रहा है, जिससे तैयार माल की लागत बढ़ रही है और उत्पाद महंगे हो रहे हैं। कच्चे माल की कमी के कारण कुछ उद्योगों में शटडाउन की स्थिति बनने लगी है, जबकि 10 से 15 फीसदी फैक्ट्रियों अब दो की जगह एक ही शिफ्ट में काम हो रहा है। सबसे ज्यादा असर फार्मा इंडस्ट्री पर पड़ा है। उदाहरण के तौर पर, सोमवार को पैरासिटामॉल पाउडर की कीमत 290 रुपए थी। अगले ही दिन दाम 360 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए। यानी लगभग 20 से 22 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसी तरह अन्य कच्चे माल और पैकेजिंग सामग्री, जैसे प्लास्टिक दाना और पीपी, के दाम भी तेजी से बढ़ रहे हैं।

अगर युद्ध लंबा खिंचता है और किसी भी एक जरूरी मटेरियल की आपूर्ति रुकती है, तो फैक्ट्रियों में शटडाउन की नौबत आ सकती है। फिलहाल, अगले 10 से 12 दिन तक स्थिति सामान्य रहने का अनुमान है। इसके बाद परेशानी बढ़ने की आशंका है। 7 मार्च के बाद से कच्चे माल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। प्लास्टिक उत्पादों में इस्तेमाल होने वाला वर्जिन दाना (बोतल, ढक्कन, पाइप, फुटवियर बनाने में उपयोग) 30% तक महंगा हो चुका है। उद्योगपतियों का कहना है कि कीमत बढ़ने के बावजूद समय पर माल नहीं मिल रहा। फुटवियर उद्योग में लागत 20% तक बढ़ गई है, जबकि मुनाफा सिर्फ 5-7% है, जिससे नुकसान बढ़ रहा है।



### बल्क में ड्रग और पेट्रोकेमिकल की आवक ठप

इंदौर एक प्रमुख औद्योगिक शहर है। यहां के पीथमपुर, सांवेर रोड और पालदा में 5600 से ज्यादा उद्योग हैं। इनमें फार्मा, केमिकल, मेटल और प्लास्टिक उद्योग कच्चे माल के लिए लगभग 60 फीसदी मिडिल ईस्ट पर निर्भर हैं। युद्ध के चलते बहरीन, कतर और सऊदी अरब से बल्क ड्रग, पेट्रोकेमिकल और अन्य इनपुट की सप्लाई प्रभावित हुई है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में दिक्कत के कारण चीन और यूरोप से आयात भी प्रभावित है। तैयार माल के निर्यात में भी मुश्किल आ रही है। कंटेनर एक्सपोर्ट का खर्च 5 गुना तक बढ़ गया है।

### कहीं रॉ मटेरियल नहीं कहीं लागत ज्यादा

पीथमपुर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष डॉ. गौतम कोठारी ने बताया कि उद्योगों को एक साथ दो समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कहीं कच्चा माल मिल नहीं रहा, तो कहीं बहुत महंगा हो गया है। गैस की कमी के कारण फार्मा कंपनियों में इंजेक्शन उत्पादन प्रभावित हो रहा है। प्लास्टिक दाने की कीमत बढ़ने से कई यूनिट बंद होने की कगार पर हैं।

## खबर एक नजर...

### व्यापारियों का चक्काजामःबोले- छोटी-छोटी गलतियों पर 5 हजार रु. जुमार्ना ले रहा निगम

**इंदौर।** नगर निगम की मोबाइल कोर्ट शनिवार को पाटनीपुरा क्षेत्र में चालानी कार्रवाई के लिए पहुंची। सड़क पर रखी सामग्री, दुकान के बोर्ड व गुमाश्ता लाइसेंस को लेकर भारी भरकम जुर्माना लगाने पर व्यापारियों ने जमकर विरोध जताया और चक्काजाम कर दिया। व्यापारी बोले कि निगम की टीम छोटी-मोटी गलतियां निकालकर चालानी कार्रवाई कर रही है।

अगर कोई व्यापारी गुमाश्ता भरना भूल गया है या उसका 500 रुपए का शुल्क बकाया है तो सीधे 5 हजार की रसीद काटी जा रही थी। दुकानों के बाहर लगे बोर्ड को लेकर भी चालानी कार्रवाई की जा रही थी। इसीलिए सभी व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद टीम लौट गई। इधर, निगम अफसरों का कहना था कि नियम अनुसार ही कार्रवाई कर रहे थे। पहले भी इस तरह की कार्रवाई कर चुके हैं। टीम द्वारा अनावश्यक रूप से परेशान किया गया निगम की करीब 25 से 30 गाड़ियां कार्रवाई को लेकर मौके पर पहुंची। टीम ने अमूमन हर दुकान पर कोई न कोई गलती बताई। गुस्साए व्यापारियों ने मोर्चा खोल दिया। दुकानदारों से दस्तावेज मांगे गए। उनकी जांच की गई। टैक्स की रसीद भी मांगी गई। कुछ भी खामी मिलने पर चालानी कार्रवाई की गई। दुकानदार बोले अगर हमारा सामान फुटपाथ पर हो तो कार्रवाई करें, हमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन अनावश्यक रूप से परेशान किया गया। व्यापारियों ने पार्षद और सभापति मुन्नालाल यादव को फोन कर हस्तक्षेप की मांग की। वे बोले कि एकदम से इतने सारे लोग आ गए। गुमाश्ता नहीं है या भरना भूल गए तो जुर्माना किया गया। दुकानों के बोर्ड को अतिक्रमण बताया गया। ओटला बना था, उसका भी चालान बनाने लगे।

### टायर किलर-बैरियर से गाड़ियों को रोकने की ट्रेनिंग; जवानों ने लिया लाइव डेमो

**इंदौर।** इंदौर ट्रैफिक पुलिस भी हाईटेक होती जा रही है। मॉड्यूलर व्हीकल बैरियर और टायर किलर जैसे इक्विपमेंट्स का लाइव डेमो पुलिस जवानों ने लिया और किसी भी परिस्थिति में गाड़ियों को कैसे रोका जा सके, इसकी खास ट्रेनिंग ली। अधिकारियों की मौजूदगी में शनिवार को यह ट्रेनिंग विजय नगर चौराहे पर हुई। बता दें कि हाल ही में ट्रैफिक पुलिस के पास मॉड्यूलर व्हीकल बैरियर और टायर किलर मंगवाए गए हैं। अब पुलिस जवान इनका इस्तेमाल करना सीख रहे हैं, ताकि भारी गाड़ियों को समय रहते रोका जा सके। डीसीपी (ट्रैफिक प्रभारी) राजेश कुमार त्रिपाठी की मौजूदगी में पुलिस जवानों को ट्रेनिंग दी गई। इस प्रैक्टिस का मुख्य उद्देश्य किसी संदिग्ध/अपराध में इस्तेमाल गाड़ी को सुरक्षित रूप से रोकना, हाई स्पीड गाड़ियों को नियंत्रित करना।

# इंदौर से 4 शहरों का हवाई संपर्क आज से बंद

## नासिक, भुबनेश्वर और जम्मू की उड़ानें होंगी बंद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

देश में रविवार से उड़ानों का नया समर शेड्यूल लागू होने जा रहा है। इस शेड्यूल में इंदौर से देश के चार शहरों का हवाई संपर्क टूटने जा रहा है। इनमें नासिक, उदयपुर, भुवनेश्वर और जम्मू की उड़ानें शामिल हैं। इंडिगो एयरलाइंस द्वारा इन सभी उड़ानों को आज से बंद किया जा रहा है। इन उड़ानों की बुकिंग कंपनी ने एक हफ्ते पहले ही बंद कर दी थी।

इधर, एयरपोर्ट के पुराने टर्मिनल को नए रूप में तैयार कर टर्मिनल-1 बनाया गया है। आज नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू इसका वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। हालांकि यह सिर्फ औपचारिक उद्घाटन है, यहां से उड़ानों का संचालन कब होगा, यह अभी तय नहीं है।

डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) द्वारा साल में दो बार देश में संचालित होने वाली सभी उड़ानों का शेड्यूल जारी किया जाता है। मार्च अंत से अक्टूबर अंत के बीच समर शेड्यूल और अक्टूबर अंत से मार्च अंत के बीच विंटर शेड्यूल लागू रहता है। इन शेड्यूल के दौरान ही एयरलाइंस अपनी उड़ानों को बंद करने, नई उड़ानें शुरू करने और मौजूदा उड़ानों के समय में बदलाव जैसे निर्णय लेती हैं।

आज से लागू हो रहे समर शेड्यूल में इंडिगो एयरलाइंस द्वारा इंदौर से चार शहरों की उड़ानें बंद की जा रही हैं। इसके कारण इंदौर के यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

समर शेड्यूल में जहां इंदौर से चार शहरों की उड़ानें बंद हो रही हैं, वहीं इसके बदले में इंदौर को फ्लाई-91 के रूप में एक नई एयरलाइन मिल रही है, जो इंदौर से जलगांव और हैदराबाद के लिए उड़ानों का संचालन करेगी। इंदौर से हैदराबाद के लिए पहले से उड़ानें मौजूद हैं, इसलिए नए शहर के रूप में इंदौर को सिर्फ जलगांव का सीधा कनेक्शन मिलेगा। इससे इस मार्ग पर यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधा होगी। हालांकि ये फ्लाइट कब शुरू होगी, यह अभी तय नहीं है। उम्मीद है कि 17 अप्रैल से इसका संचालन शुरू होगा। समर शेड्यूल में देश के चार शहरों से हवाई संपर्क टूटने के साथ ही मध्यप्रदेश की एकमात्र अंतरराष्ट्रीय उड़ान, शारजाह के लिए संचालित नियमित सेवा के तीन फेरे भी कम हो जाएंगे। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने इसे समर शेड्यूल में सप्ताह में केवल 4 दिन संचालित करने का निर्णय लिया है। 28 फरवरी को अमेरिका-ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से यह उड़ान बंद है। यह कब से फिर शुरू होगी, यह भी अभी तय नहीं है।

# आज घटना का रिक्रिएशन कर सकती है पुलिस, पहले भी पकड़ा जा चुका था आरोपी बेटा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के लसूडिया थाना क्षेत्र में कार से महिला को कुचलकर मारने के मामले में पुलिस आज घटना का रिक्रिएशन कर सकती है। पुलिस आरोपियों को घटना स्थल भी ले जा सकती है। हालांकि रविवार को उनकी रिमांड का आखिरी दिन भी है। संभावना है कि पुलिस घटना का रिक्रिएशन करने के बाद उन्हें कोर्ट में पेश करेगी।

बता दें कि तीन महीने पहले भी पुलिस ने आरोपी के बेटे को पकड़ा था। तब पिता को समझाया भी गया था कि इसे संभाल लें, नहीं तो दिक्कत में पड़ जाएंगे। दरअसल, बीते बुधवार को लसूडिया थाना क्षेत्र के एमआर-11 स्थित शिव वाटिका टाउनशिप में पेंटहाउस किराए पर देने के विवाद में एक व्यक्ति ने कार से एक महिला को कुचल दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। मृत महिला का नाम शंपा पांडे था। वह इंफोसिस में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थीं। 13 मार्च को वह अपने पति और दो बच्चों के साथ फ्लैट में शिफ्ट हुई थीं। घटना के बाद पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपी कुलदीप चौधरी और उसके बेटे मोहनीश चौधरी को गिरफ्तार कर लिया था।

लसूडिया थाना टीआई तारेश सोनी ने बताया कि रविवार को घटना का रिक्रिएशन कराया जा सकता है। इसके लिए पुलिस घटना स्थल पर जाकर पूरी घटना को दोहरा सकती है। इधर, यह भी बताया जा रहा है कि पुलिस आरोपियों को साथ लेकर वहां जा सकती है। हालांकि रविवार को उनके पुलिस रिमांड का आखिरी दिन है, इसलिए उन्हें वहीं से कोर्ट भी ले जाया जा सकता है।

## 'शिवा बाबा' की मन्नत से हुआ था, पिता बोले- मैं उसे बचा नहीं पाया

# जिस कार में मासूम जिंदा जला...वह दो दिन पहले खरीदी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मैं उसे बचा नहीं पाया... मैं उसे घुमाने ले गया था, मुझे क्या पता था कि काल वहां बैठा है। यह कहते हुए संजय बहेड़िया बेटे चिराग के शव को सीने से लगा लेते हैं। शनिवार को इंदौर के सिमरोल थाना क्षेत्र में कार में आग लगने से साढ़े तीन साल का चिराग जिंदा जल गया। यह मंजर देख लोगों की रूह कांप गई। चिराग का जन्म 'शिवा बाबा' की मन्नत से हुआ था और परिवार अप्रैल में मन्नत उतारने की तैयारी कर रहा था।



संजय ने दो दिन पहले ही सेकंड हैंड कार खरीदी थी और वह बेटे को घुमाने ले गए थे। खड़ी कार में आग लगने के कारण की पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच कर रही है।

रालामंडल में रहने वाले बहेड़िया परिवार के लिए यह खुशी का समय था। पेशे से मैकेनिक संजय ने दो दिन पहले इंदौर से सेकंड हैंड कार (DL 8CAD 3786) खरीदी थी। परिवार शुक्रवार रात धामनोद से शादी समारोह से लौटा था। शनिवार सुबह संजय बेटे चिराग को नई कार में घुमाने ले गए। यह उनका आखिरी सफर साबित हुआ, जो बाद में श्मशान तक पहुंचा।

इंदौर-इच्छापुर रोड स्थित साकार सिटी के पास दोस्त ने संजय को डीजे वाहन सुधारने बुलाया था। संजय चिराग को आगे बैठाकर वहां पहुंचे। कार सड़क किनारे खड़ी की। कांच थोड़ा खोलकर कुछ मीटर दूर डीजे वाहन देखने चले गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार से अचानक धुआं उठा और देखते ही देखते आग की लपटों में बदल गया। जोरदार धमाके के साथ बैटरी और फिर एसी कंप्रेसर फट गया, जिससे कार आग का गोला बन गई।

धमाके और आग देखकर संजय कार की ओर दौड़े। कार जल रही थी और अंदर उनका साढ़े तीन साल का बेटा चिराग फंसा था। लोग मदद के लिए आए, पानी और मिट्टी से आग बुझाने व शीशे तोड़ने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी तेज थी कि कोई पास नहीं जा सका।

## खबर एक नजर...

### चाकू दिखाकर लोगों को धमका रहा था फरार स्थाई वारंटी

उज्जैन। लोगों को चाकू दिखाकर धमका रहे बदमाश की खबर पुलिस को मिली तो उसे पकड़ने के लिये घेराबंदी की गई। बदमाश के हिरासत में आने पर पता चला कि वह फरार स्थायी वारंटी है। जिसकी 9 माह से तलाश थी।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि रात में गुलाबपुरा में दरगाह के सामने एक बदमाश द्वारा चाकू दिखाकर लोगों को धमकाने की खबर मिलने पर उसे पकड़ने के लिये टीम रवाना की गई। टीम द्वारा घेराबंदी कर बदमाश को पकड़ा गया। जिसके पास से धारदार चाकू बरामद किया गया। बदमाश पप्पु उर्फ बब्बु पिता बद्रीलाल डामर 35 साल निवासी गुलाबपुरा बडनगर होना सामने आया। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। उसका अपराधिक रिकार्ड देखने पर सामने आया कि वह स्थाई वारंटी है और 9 माह से फरार चल रहा था। एक अन्य मामले में बक्षराज फैक्ट्री के सामने से सनी पिता शंभु वसुनिया को भी गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से चाकू बरामद होने पर प्रकरण दर्ज किया गया। दोनों को शनिवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### बाइक से आये और चुराकर ले गये गैस सिलेंडर

उज्जैन। बाइक से आये 2 बदमाशों ने घर में रखा गैस सिलेंडर चोरी कर लिया। सिलेंडर चोरी के बाद बदमाशों का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है।

मामला नागदा थाना क्षेत्र की राजीव कालोनी से सामने आया। यहां रहने वाले अतिक अहमद के यहां बुकिंग पर गैस सिलेंडर आया था। उन्होने डिलेवरी लेने के बाद सिलेंडर घर के सामने वाले कमरे में रख दिया। परिवार काम में लग गया, उसी दौरान दरवाजा खुला होने पर एक बदमाश अंदर आया और सिलेंडर उठाकर बाहर खड़े बाइक सवार के साथ भाग निकला। परिवार को घर में रखा गैस सिलेंडर नहीं दिखा तो सामने लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज देखे गये। जिसमें सिलेंडर चोरी का घटनाक्रम दिखाई दिया। मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए सीसीटीवी फुटेज भी सौंपा गया है।

### महोत्सव के समापन अवसर पर निकला भव्य चल समारोह

# श्री रविदास सेवक संघ ने निकली चुनरी एवं जवारे यात्रा, समाज एकता एवं धर्म रक्षा का दिया संदेश





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री रविदास सेवक संघ, जिला उज्जैन के तत्वावधान में भव्य चुनरी यात्रा एवं जवारे यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा प्रारंभ होने से अध्यक्ष संदीप सूर्यवंशी के नेतृत्व में महिलाओं द्वारा विधि-विधान से जवारे (घट) स्थापना का पूजन किया गया। इसके पश्चात यात्रा की शुरूआत हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर जवारे लेकर श्रद्धा और भक्ति के साथ शामिल हुईं। नवरात्रि के नौ दिनों तक समाज की महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठजनों ने माता रानी की विधि-विधान से सेवा-अर्चना कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। महोत्सव के समापन अवसर पर निकला भव्य चल समारोह राजू नगर स्थित समाज की धर्मशाला से प्रारंभ होकर आगर रोड, गाड़ी अड्डा और फाजिलपुर मार्ग से होते हुए नगरकोट महारानी मंदिर पहुंचा, जहां श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त और देश में सुख-शांति बनी रहे एवं सनातन धर्म की रक्षा हो, इसके लिए माता से कामना की गई। यात्रा के दौरान बच्चों ने भगवा ध्वज लेकर उत्साहपूर्वक भागीदारी की, वहीं युवा और वरिष्ठजन ह्रजय श्री रामह्न के जयघोष करते हुए आगे बढ़ते रहे। पूरे मार्ग में सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज एकता, आपसी सद्भाव और सनातन धर्म की रक्षा का संदेश भी दिया गया। संस्था के सचिव राकेश सूर्यवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव के समापन के उपलक्ष्य में रविवार, 29 मार्च को श्री रविदास सेवक संघ, जिला उज्जैन द्वारा कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान छोटी कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन प्रसादी वितरित की जाएगी तथा सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया जाएगा। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष आशा सूर्यवंशी, संस्था के उपाध्यक्ष प्रेम पहलवान, गोपाल सूर्यवंशी, फूलचंद सूर्यवंशी, गुलाब सूर्यवंशी, शुभम सूर्यवंशी, यशवंत अहिरवार, राजेश सूर्यवंशी, रामचरण सूर्यवंशी, दयाराम सूर्यवंशी, चंपालाल सूर्यवंशी, पूर्व अध्यक्ष मनोहर लाल सूर्यवंशी, नंदकिशोर मंडेरिया, मुकेश सुनहरे, मुकेश सूर्यवंशी एवं समाज के अनेक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से शहर की यातायात व्यवस्था ध्वस्त

### नाबालिग और शराबी दौड़ा रहे वाहन, युवा भगवा जागरण मंच ने मुख्यमंत्री, कलेक्टर और एसपी से की सख्त कार्रवाई की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर की सड़कों और चौराहों पर ई-रिक्शा चालकों की मनमानी और लापरवाही के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। क्षमता से अधिक ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा के संचालन से शहर भर में भारी जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। यातायात पुलिस और आरटीओ की लापरवाही तथा स्टाफ की कमी के चलते नियम सिर्फ कागजों पर संचालित हो रहे हैं और धरातल पर इनका कोई क्रियान्वयन नहीं हो रहा है।

ज्ञात हो कि वर्ष 2024-2025 में आरटीओ ने शहर को 7 जोन में बांटकर ई-रिक्शा चलाने के आदेश जारी किए थे। ई-रिक्शा चालक संघ के विरोध के बाद प्रशासन ने रूट निरस्त कर चालकों की मंशानुसार 12-12 घंटे की दो शिफ्ट में संचालन की अनुमति दी थी। वर्ष 2025-2026 में भी ई-रिक्शा को शिफ्टिंग में ही चलाया जाना तय हुआ था, लेकिन चालक बिना अनुमति के 24 घंटे वाहन दौड़ा रहे हैं। आरटीओ द्वारा लगातार नए ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा का पंजीयन किया जा रहा है, जिससे जाम की समस्या विकराल हो गई है। वर्तमान में नरसिंह घाट चौराहे जैसे नो-व्हीकल जोन में 50 से अधिक ई-रिक्शा बीच सड़क पर खड़े रहते हैं और चालक अनियंत्रित रूप से वाहन दौड़ा रहे हैं।

# निगम आयुक्त ने किया खजूर वाली मस्जिद से केडी गेट चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा शनिवार को खजूर वाली मस्जिद से केडी गेट चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान रहवासियों द्वारा जलभराव की समस्या से निगम आयुक्त को अवगत कराया। निगम आयुक्त द्वारा सम्बंधित अधिकारी एवं ठेकेदार को निर्देशित किया कि सीवर मशीन लगाई जाकर जलभराव की समस्या को खत्म किया जाकर पानी निकासी का कार्य शीघ्र किया जाए। आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने रहवासियों को बताया कि चौड़ीकरण कार्य में नाली निर्माण में नाली की गहराई अधिक होने से बारिश के समय जल भराव की स्थिति नहीं होगी, मार्ग में सेंटल लाइन में सीवरेज लाइन को घरों की सीवरेज लाइन से कनेक्ट किया गया है साथ ही विद्युत पोल शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। आयुक्त द्वारा अधिकारियों को रात्रि के समय फागिंग मशीन द्वारा फागिंग कार्य करने के निर्देश दिए।

### सामाजिक न्याय परिसर स्थित मंदिर में 2 अप्रैल तक होंगे विविध आयोजन, 31 को निकलेगी कलश यात्रा

# श्री मायापति हनुमान मंदिर में 6 दिवसीय जन्मोत्सव शुरू, सुंदरकांड पाठ में उमड़े श्रद्धालु

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आगर रोड सामाजिक न्याय परिसर चरक भवन के सामने स्थित श्री मायापति हनुमान मंदिर में शनिवार से 6 दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन श्री रामचरितमानस सुंदरकांड पाठ और व्याख्यान का आयोजन किया गया। भाई श्री गिरीश शर्मा के मुखारविंद से कथा का वाचन हुआ जिसका अनेक भक्तों ने श्रवण किया।

कथा के पश्चात महाआरती संपन्न हुई। आरती में मुख्य यजमान श्री भारत प्रसाद दुबे एवं श्री शरद दुबे सहित श्री विनोद यादव, राय समाज के कार्यकारिणी अध्यक्ष देवेंद्र राय, लक्ष्मी नारायण राय, जमुना प्रसाद राय, शैलेंद्र राय और प्रमोद राय शामिल हुए। यह जानकारी मंदिर के पुजारी गणेश राय ने दी। उन्होंने बताया कि श्री मायापति हनुमान मंदिर परिवार द्वारा 28 मार्च से 2 अप्रैल तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

28 से 30 मार्च तक प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्री रामचरितमानस सुंदरकांड पाठ एवं व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा।



इसी के साथ 29 और 30 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मंदिर परिसर में तुलादान महोत्सव संपन्न होगा।

### कलश यात्रा और गंगा माता पूजन 31 को

31 मार्च को सामूहिक श्री गंगा माता पूजन का विशेष आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर सुबह क्षीरसागर मानस भवन से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों बहादुरगंज, मालीपुरा, देवास गेट और चामुंडा माता चौराहा से होते हुए मंदिर परिसर पहुंचेगी। यात्रा के समापन पर सामूहिक रूप से श्री गंगा माता पूजन किया जाएगा।

### 1 को अखंड रामायण, 2 अप्रैल को होगा विशाल भंडारा

1 अप्रैल को सुबह 9 बजे से श्री रामचरितमानस अखंड रामायण पाठ शुरू होगा और रात्रि में बाबा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के मुख्य पर्व पर सुबह 9 बजे हवन होगा। शाम 7 बजे महाआरती और भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात विशाल भंडारे में श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे।

## खबर एक नजर...

### चैकिंग में 12 वाहनों से निकलवाई लाल-नीली बत्ती

**उज्जैन।** अनाधिकृत रूप से लाल-नीली बत्ती और काली फिल्म लगाकर चार पहिया वाहन दौडा रहे वाहन चालकों को राघवी थाना पुलिस ने शुक्रवार-शनिवार रात चैकिंग अभियान के दौरान पकड़ा गया। चालकों से पूछताछ के बाद पुलिसकर्मियों ने 12 वाहनों से हूटर, लाल-नीली के साथ काली फिल्म निकलवाई गई और सभी के खिलाफ यातायात नियमों का उल्लघंन करने के मामले में चालानी कार्यवाही करते हुए 26 हजार रुपए समन शुल्क वसूला। राघवी थाना प्रभारी आईपीएस काजलसिंह के मार्ग दर्शन में लगाये गये चैकिंग पाइंट के दौरान एएसआई शांतिलाल भंडारी द्वारा करीब 2 घंटे तक थाना क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर पुलिस टीम के साथ वाहनों की चैकिंग की। इस दौरान आईपीएस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वह यातायात नियमों का पालन करें एवं अपने वाहनों में किसी भी प्रकार के अवैध उपकरण का उपयोग न करें, अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### डंपर से टकराई तेज रफ्तार बाइक, 2 घायल

उज्जैन। माकडोन के पाट में रहने वाला अंकित पिता गोवर्धन और हरिओम पिता निर्भयसिंह शनिवार सुबह बाइक से उज्जैन आ रहे थे। रास्ते में ग्राम झलारा मार्ग पर बाइक चला रहा अंकित रफ्तार पर नियंत्रण नहीं रख पाया और सामने से चले डंपर से टकरा गया। दुर्घटना में अंकित और हरिओम दोनों गंभीर घायल हो गये। लोगों की सूचना पर एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों को उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर परिजन उज्जैन पहुंचे। इस दौरान सामने आया कि दोनों मिस्त्री का काम करते है और काम के सिलसिले में उज्जैन आ रहे थे। दुर्घटना का एक अन्य मामला इंगोरिया में हुआ, इंदौर का रहने वाला पंकज पिता राधेश्याम पांचाल 30 साल शुक्रवार रात मामा के यहां शादी होने पर बाइक से इंगोरिया आ रहा था। इंगोरिया में रफ्तार पर नियंत्रण नहीं रख पाने पर बाइक सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। पंकज गंभीर घायल हुआ है। जिसे उपचार के लिये शासकीय चरक अस्पताल लाया गया, जहां से परिजन इंदौर ले गये है।

### भूसा डालने की बात पर हुए विवाद में 4 घायल

**उज्जैन।** उज्जैन। घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम जैथल टैक में रहने वाला अर्जुन पिता फूलसिंह चौधरी अपने घर के सामने भूसा डाल रहा था। तभी पड़ोस में रहने वाली मनीषा पति मनोज चौधरी ने मना किया। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दोनों के परिवार आमने-सामने हो गये और लाठी-पत्थर चलने लगे। विवाद में जहां अर्जुन घायल हो गया, वहीं दूसरी ओर से मनीषा उसका पति मनोज, रिश्तेदार रमेश चौधरी घायल हो गये। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो दोनों पक्षों के घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर क्रास प्रकरण दर्ज किया गया।

## बयानों में उलझी पुलिस, छह मार्गों के देखे सीसीटीवी कैमरे

# हेलमेट लगाकर आये बदमाशों ने वृद्धा के निकाले टॉप्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

घर से टहलने निकली वृद्धा के साथ ठगी की वारदात हो गई। एक बदमाश हेलमेट लगाकर आया था, दूसरा बिना हेलमेट के था। दोनों ने बातों में उलझाकर डेढ़ तोला वजनी सोने के टॉप्स निकाल लिये। पुलिस वृद्धा के बयानों में उलझी हुई है और बदमाशों का पता लगाने के लिये सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

ढांचा भवन में रहने वाले समाजसेवी गोपाल बागरवाल की पत्नी राजूदेवी 60 साल शुक्रवार शाम टहलने निकली थी। ढांचा भवन मार्ग जीरो पाइंट के पास एक बदमाश ने उन्हे रोका और कान के डॉक्टर का पता पूछा। तभी दूसरा बदमाश बाइक से हेलमेट लगाकर आया। दोनों ने पीने का पानी भी मांगा और कहा कि तुम्हारे बेटे पर घात है। वृद्धा उनकी बातों में उलझ गई दोनों की जानकार समझ बाते करने लगी। तभी बदमाशों ने कहा कि जगह ठीक नहीं है बदमाशों का क्षेत्र है, कान के टॉप्स उतारकर रख लो। राजूदेवी ने एक कान का टॉप्स निकाला, दूसरा बदमाश से निकलवाया। एक बदमाश ने टॉप्स लिये और कहा कि कुछ कदम चलो हनुमान के दर्शन होंगें। बेटे से घात उतर जायेगी। राजूदेवी ने टॉप्स दे दिये, तभी बाइक से हेमलमेट लगाकर आये बदमाश के साथ उसका साथी बैठकर भाग निकला। वारदात का मामला देवासगेट थाना पुलिस ने दर्ज किया है। बदमाशों की तलाश में सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। लेकिन शनिवार शाम तक बदमाशों का पता नहीं चल पाया था।



### वृद्धा के साथ पूर्व में 2 बार हो चुकी है वारदात

बताया जा रहा है कि राजूदेवी के साथ पूर्व में 2 बार ऐसी वारदात हो चुकी है। पहली वारदात नगरकोट के पास हुई थी। उस दौरान बदमाश पैंडल लगा मंगलसूत्र निकलवा कर ले गये थे। वहीं दूसरी वारदात रिश्तेदारी में जाते समय ट्रेन में हुई थी। उस वक्त बदमाशों ने रानी हार निकलवा लिया था। यहीं नहीं समाजसेवी गोपाल बागरवाल ने चर्चा में बताया कि उनकी बेटी के साथ भी पूर्व में जीरो पाइंट ब्रिज के पास चैन स्नेचिंग हो चुकी है।

### चिमनगंज पुलिस को बताया मिठाई खिलाई

राजूदेवी के साथ हुई ठगी की वारदात के बाद उन्होने परिवार को जानकारी दी। परिजन चिमनगंज थाने पहुंचे, जहां राजूदेवी ने बताया कि 2 बदमाश आये थे उन्होने पानी मांगा, उसके बाद मिठाई खिलाई, जिसके चलते वह सुध-बुध खो बैठी थी। चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया टीम के साथ वारदातस्थल पहुंचे, जो देवासगेट थाना क्षेत्र का होना सामने आया। परिवार को देवासगेट थाने भेजा गया, जहां राजूदेवी ने मिठाई खिलाने की बात नहीं बताई और कहा कि डॉक्टर का पता पूछकर कहा कि आगे क्षेत्र अच्छा नहीं है, लूट हो सकती है, कान के टॉप्स उतारकर रख लो। वृद्धा के बयान से पुलिस उलझ गई। वह हर बार अलग-अलग घटनाक्रम बता रही थी।

### इनका कहना

वृद्ध महिला के बयान अलग-अलग सामने आ रहे है। मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है। अब तक छह मार्गो पर लगे कैमरे देखे जा चुके है। किसी में भी बदमाशों का मूवमेंट नजर नहीं आया है। जल्द वारदात का पता लगाकर खुलासा करने का प्रयास किया जायेगा।

**अनिला पाराशर,**
**टीआई थाना देवासगेट**

### रात के तापमान में तेजी, दिन में उतार-चढ़ाव

**उज्जैन।** मार्च माह को बीतने में 2 दिन शेष बचे और गर्मी अपना असर दिखाने लगी है। पिछले चार दिनों से रात के तापमान में भी तेजी आने लगी है। शुक्रवार-शनिवार रात तापमान 19 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं शनिवार को दिन का तापमान 36.5 डिग्री रहा। दिन में 2 दिनों से उतार-चढ़ाव बना हुआ है। जिसकी वजह दिन में 8 से 10 किलोमीटर की रफ्तार चल रही हवा बनी हुई है। वैसे मौसम वैज्ञानिको की माने तो अप्रैल माह की शुरूआत में मौसम में बदलाव आ सकता है। जिसके बाद भीषण गर्मी का दौर शुरू हो जायेगा। इस बार गर्मी रिकार्ड भी तोड़ सकती है। दिन-रात के तापमान में आ रही तेजी से लोगों की बैचेनी भी बढ़ने लगी है। रात में गर्मी से बचने के लिये कूलर, एसी चलाये जाने लगे है।

# ठगों की तलाश में निकली पुलिस को मिला चोरी का आरोपी

## अहमदाबाद से एक्टिवा-आईफोन चुराकर हुआ था फरार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वृद्ध महिला के साथ हुई ठगी की वारदात में शामिल आरोपियों की तलाश में निकली देवासगेट थाना पुलिस को मुज्जफरपुर का संदिग्ध मिला। पूछताछ करने पर उससे अहमदाबाद से चुराई एक्टिवा और आईफोन चोरी का खुलासा हो गया। आरोपी के गिरफ्त में आने की सूचना अहमदाबाद पुलिस को दी गई है।

देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पराशर शुक्रवार शाम थाना क्षेत्र में वृद्ध महिला के साथ हुई कान के टॉप्स ठगने की वारदात में शामिल 2 बदमाशों की तलाश में टीम के साथ क्षेत्र में कैमरों के फुटेज देखे जा रहे थे और संदिग्धों की तलाश की जा रही थी। उसी दौरान शनिवार को रेलवे स्टेशन के सामने होटल प्रीति पर एक संदिग्ध युवक मोबाइल पर बात करता दिखाई दिया। थाना प्रभारी ने शंका के आधार पर पूछताछ की तो वह होटल पर काम की तलाश में आना बताने लगा। उसकी भाषा बिहारी होने पर थाने लाया गया जहां उसका नाम मोह हननैन पिता मोहम्मद हुसैन 18 साल निवासी छोटी कल्याणी अमर सिनेमा रोड मुज्जफरपुर बिहार सामने आया। उससे सख्त पूछताछ की गई तो उसने अहमदाबाद से एक्टिवा और आईफोन चोरी करना कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि वह अहमदाबाद में इजहार सय्यैद की सोड़ा शॉप पर काम करता था। मालिक की एक्टिवा और मोबाइल चोरी कर भागा है। एक्टिवा अहमदाबाद रेलवे स्टेशन की पार्किंग में खड़ी की है। थाना प्रभारी पाराशर ने अहमदाबाद पुलिस से संपर्क किया तो पता चला मोह हसनैन के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज है। थाना प्रभारी पाराशर के अनुसार संबंधित थाना पुलिस को आरोपी के उज्जैन में



### कार हटाने को कहा तो दुकानदार के साथ की मारपीट

उज्जैन। कार्तिक चौक राठौर धर्मशाला के पास विनय पिता सतीश भावसार निवासी दानीगेट बिलोटीपुरा पान की दुकान चलाता है। रात में उसकी दुकान के बाहर विक्रांत नामक युवक ने कार खड़ी कर दी। जिसके चलते विनय की दुकान का रास्ता बंद हो गया। विनय ने कार हटाने को कहा तो विक्रांत ने अपने साथियों के साथ मिलकर गाली-गलौच करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। मामले में खाराकुआ थाना पुलिस ने विनय की शिकायत पर विक्रांत और 2 अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### पत्नी के साथ पति ने की मारपीट

**उज्जैन।** जयसिंहपुरा में रहने वाली पिंकी का पारिवारिक बातों को लेकर पति मुकेश माली से विवाद हो गया। पति ने पिंकी के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पिंकी को उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती किया गया। ड्युटी कम्पाउंडर ने मामले की सूचना महाकाल थाना पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि पिंकी ने मुकेश से दूसरा विवाह किया है।

# क्षिप्रा किनारे आपदा मित्रों ने सिखे बाढ़-भूकंप से बचाव के गुर

## 800 मित्रों को तैयार करने के दूसरे सत्र का समापन आज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ महाकुंभ से पहले आपदा मित्रों को तैयार करने के लिये चार सत्रों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 7 दिवसीय सत्र का दूसरे चरण का आज समापन होगा। उससे पहले शनिवार को आपदा मित्रों को बाढ़, भूकंप से बचाव का प्रशिक्षण क्षिप्रा के घाट पर लिया।

जिला सेनानी होमगार्ड संतोष कुमार जाट ने बताया कि भारत सरकार गृह मंत्रालय के माध्यम से नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के सहयोग से आपदा मित्र योजना संचालित की जा रही है। मध्यप्रदेश के 11 जिलों के 800 आपदा मित्रों को उज्जैन में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण सत्र चार चरणों में होगा। जिसका दूसरा चरण 23 से 29 मार्च का रखा गया है। जिसमें 165 युवाओं को शनिवार सुबह क्षिप्रा के घाट पर बाढ़, भूकंप से बचाव का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान तैराकी के साथ बाढ़ में चप्पू की मदद से वोट को चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। बाढ़ में डूबते व्यक्ति को बचाकर उसे मेडिकल इमरजेंसी कैसे उपलब्ध कराई जाये, इसका अभ्यास कराया गया। आपदा में उपयोग होने वाले उपकरणों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण एसडीआरएफ की प्रशिक्षित टीम और प्लाटून कमांडर्स द्वारा दिया जा रहा है। दूसरे चरण में आगजनी से बचने का प्रशिक्षण देते हुए क्या सावधानी रखना है, आग लगने पर किस प्रकार फायर एज्गीग्यूसर का उपयोग कर आग को नियंत्रित करना और मॉकड्रील के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षित किया गया। जिला सेनानी होमगार्ड के अनुसार आपदा मित्रों को प्रशिक्षित कर उनका सहयोग सिंहस्थ के दौरान क्षिप्रा के घटों पर लिया जायेगा, वहीं भीड़ नियंत्रण की ड्युटी में भी तैनात कर सिंहस्थ महाकुंभ के आयोजन को सफल बनाने में किया जायेगा।



## खबर एक नजर...

### सोलंकी बने मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के नगर अध्यक्ष

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देश, उज्जैन संभाग अध्यक्ष मनोज जैन की सहमति और जिला अध्यक्ष डॉ. राहुल कटारिया की अनुशंसा पर पत्रकार सुमेर सिंह सोलंकी को उज्जैन नगर इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिला महासचिव घनश्याम शर्मा ने बताया कि सोलंकी की इस नियुक्ति से स्थानीय संगठन में नई ऊर्जा का संचार होगा।

### नाट्य-नृत्य कार्यशाला का समापन आज

**उज्जैन।** सिंधु प्रवाह अकादमी द्वारा 11 से 29 मार्च तक आयोजित नाट्य एवं नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन आज 29 मार्च की शाम 7:30 बजे पंडित सूर्यनारायण व्यास संकुल कालिदास संस्कृत अकादमी में होगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध नाटककार असगर वजाहत के नाटक 'हड्डी' का मंचन कुमार किशन के निर्देशन में किया जाएगा। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय नृत्य गुरु डॉक्टर पल्लवी किशन के निर्देशन में उपशास्त्रीय एवं लोकनृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी। सिंधु प्रवाह अकादमी के अध्यक्ष कुमार किशन सहित संस्था पदाधिकारी डॉक्टर पल्लवी किशन, लोकेश भागचंदानी, राजकुमार परसवानी, डॉक्टर सुनील खत्री, पुष्पा कोटवानी ने सभी कला प्रेमियों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का आह्वान किया है।

### राज राजेश्वरी माँ अन्नपूर्णा मंदिर का होगा जीर्णोद्धार

**उज्जैन।** शहर के वार्ड 50 ऋषिनगर एच सेक्टर स्थित राज राजेश्वरी माँ अन्नपूर्णा मंदिर के पुनर्निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य के लिए हवन, कन्या भोज और भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुए इस भूमिपूजन के पश्चात कन्या भोज संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश पोरवाल, पिछड़ा मोर्चा के पूर्व नगर उपाध्यक्ष सचिन मंडलोई, महेंद्र सोलंकी, पीयूष अरविंद चौहान, वरिष्ठ हुकुमचंद सोलंकी, प्यारेलाल पालीवाल, कृष्ण कुमार मेहता, हरिमोहन सिंह राठौड़, रमेश भदौरिया, तरुण रघुवंशी, शिवराज हाड़ा, रोहित पांडे, गौरव पांडे, सुभाष कासरने, टोनू मालवीय, प्रतीक पालीवाल और अनिल पड़ियार सहित समस्त माँ अन्नपूर्णा भक्त मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

### सती माता मंदिर में कन्या पूजन के साथ हुआ नवरात्रि पर्व का समापन

उज्जैन। नवसंवत्सर और चैत्र नवरात्रि के अवसर पर महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण स्थित अति प्राचीन श्री सती माता मंदिर में नौ दिवसीय विशेष पूजन और अनुष्ठान का समापन हुआ। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी चेतन शर्मा ने सभी देशवासियों को पारंपरिक हिंदू नववर्ष और नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं।

# अलखधाम नगर में धूमधाम से निकली साईं बाबा की शाही पालकी

## सिंधी कॉलोनी में भव्य आतिशबाजी के साथ हुआ स्वागत, मातृशक्ति ने किया उत्साहपूर्वक नृत्य, आज होगा विशाल भंडारा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





श्री साईं बाबा मंदिर स्थापना दिवस एवं राम नवमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम संयोजक श्री साईं सेवा समिति एवं दीपक बेलानी मित्र मंडली द्वारा अलखधाम नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी साईं बाबा की भव्य शाही पालकी यात्रा निकाली गई। शुक्रवार को सांध्य आरती के पश्चात साईं मंदिर प्रांगण से पालकी का शुभारंभ हुआ। पालकी शास्त्री नगर, सिंधी कॉलोनी और अलखधाम नगर होते हुए रात्रि 9 बजे वापस मंदिर पहुंची।

पालकी यात्रा का सिंधी कॉलोनी में संतोष लालवानी मित्र मंडली द्वारा भव्य मंच बनाकर और आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। अलखधाम नगर में घर-घर बाबा के दर्शन हुए व भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही और धूमधाम से साईं बाबा की पालकी में नाचते हुए स्वागत व अभिनंदन किया गया। पालकी शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी नारायण यादव और नगर निगम सभापति कलावती यादव ने आरती की। विशेष अतिथि के रूप में साईं मंदिर ट्रस्टी ओम बंसल, अनूप सिंघल, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल जाटव, उज्जैन नगर महामंत्री कमल बेरवा, मंडल महामंत्री संतोष खोईवाल, घनश्याम बाबा राठौर, पूर्व पार्षद रिंकू बेलानी और पार्षद दिव्या बलवानी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में साईं सेवा समिति के अध्यक्ष रमेश परवाल, सचिव हेमेन्द्र खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष संजय सोडाणी, मंदिर के प्रमुख सत्यनारायण शर्मा दद्दू, बहादुर सिंह राठौड़, हरीश देवनानी, विनोद लुल्ला, कपिल खत्री, बबलू खत्री, मोहनलाल शाह, सुरेश सोलंकी, आरसी परिहार, पियुष मालवीय, गोपाल बलवानी, सुरेंद्र मालवीय, अनिल सिंह राजपूत और कपिल नागर उपस्थित रहे।

आयोजन में विशेष सहयोगी समाजसेवी महेश परियानी, दीपक बेलानी, संतोष लालवानी, रमेश गजरानी, महेश गंगवानी, भरत पोरवाल, लालचंद नागवानी, प्रेम सिंह यादव, अशोक चावला के साथ ही अशोक, किशोर मुलानी, कमल शालनी, कपिल बासनी, लोकेश आडवाणी, गनी सेठ, कालू सेठ, जवाहर जयसिंघानी, सौरभ बेलानी, नितिन भिमानी, यश खत्री, मंडल अध्यक्ष गजेंद्र खत्री, दीपक राजवानी, अरशद और मनोज दुधवानी सहित समस्त मित्र मंडली का सहयोग रहा।

मातृशक्ति व अन्य श्रद्धालुओं में नीलम उथरा, संतोष, संजू, पीयूष वाधवानी, मनोज मिश्रा, प्रकाश चांदवानी, रेखा गुप्ता, रितु बत्रा, रानी गायकवाड, दीपा वासवानी, नेहा मोटवानी, बबीता रोचवानी, सोनिया शर्मा, मोना चावला, कविता वाधवानी, मीना खत्री और अंजलि सीतलानी सहित बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

### वल्लभ वैष्णव मंडल की 8 दिवसीय चम्पारण-जगन्नाथ दर्शन यात्रा प्रारंभ

**उज्जैन।** वल्लभ वैष्णव मंडल, वल्लभ वैष्णव महिला मंडल एवं युवा मंडल के तत्वावधान में 251 वैष्णवों की आठ दिवसीय चम्पारण-जगन्नाथ दर्शन यात्रा शनिवार को प्रारंभ हुई। मंडल के संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर के नेतृत्व में श्रद्धालु दोपहर 4 बजे उज्जैन से रायपुर के लिए रवाना हुए। यात्रा 28 मार्च से 3 अप्रैल 2026 तक चलेगी। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि 29 मार्च को रायपुर से श्रद्धालु बस द्वारा चम्पारण पहुंचेंगे, जहां सुदामाकुटी में आवास रहेगा। इस दौरान बैठकजी दर्शन, राजभोग, शोभायात्रा, भव्य चवरी मनोरथ (विवाह मनोरथ), गौ सेवा और सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। 30 मार्च को झारी चरण-स्पर्श और नंद महोत्सव मनोरथ के पश्चात यात्रा बस और रेल मार्ग से जगन्नाथ पुरी के लिए प्रस्थान करेगी।

31 मार्च को पुरी पहुंचने पर श्रद्धालु जगन्नाथ मंदिर दर्शन, बैठकजी दर्शन व झारी चरण स्पर्श कर समुद्र तट एवं पुरी भ्रमण करेंगे। 1 अप्रैल को भुवनेश्वर, कोणार्क और साँक्षी गोपाल आदि स्थानों का भ्रमण कर यात्रा वापसी के लिए प्रस्थान करेगी।

# सम्राट विक्रमादित्य विवि के स्टार्टअप 'नक्षत्र सोलर' की शानदार शुरूआत, पहले दिन ही मिले 20 ऑर्डर

### सीएम डॉ. मोहन यादव ने किया छात्रों का सम्मान, एमएसएमई भोपाल के साथ एमओयू के तहत हुआ शुरू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



स्थानीय सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर के तत्वावधान में नए उद्यम 'नक्षत्र सोलर' की गरिमामय शुरूआत हुई है। विश्वविद्यालय के भौतिक शास्त्र के शोधार्थी छात्र नक्षत्र सैनी और यतेंद्र सैनी द्वारा स्थापित यह स्टार्टअप एमएसएमई भोपाल के साथ हुए एमओयू के तहत शुरू किया गया है। उद्यम ने लॉन्चिंग के साथ ही सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। शुरूआत के मात्र 24 घंटों के भीतर ही इसे 50 किलोवाट सोलर पावर जनरेशन क्षमता के 20 ऑर्डर प्राप्त हो चुके हैं।

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए यह उपलब्धि प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्टार्टअप के पोस्टर का विमोचन कर विद्यार्थियों का सम्मान किया और ऐसे नवाचारों को आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय की सराहना की।

स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित शुभारंभ समारोह की मुख्य अतिथि नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव थीं। उन्होंने कहा कि आज का युग नवाचार और स्वरोजगार का है। यह खुशी की बात है कि उज्जैन के युवा अब नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बन रहे हैं। 'नक्षत्र सोलर' जैसे उद्यम पर्यावरण संरक्षण के साथ 'आत्मनिर्भर भारत' के सपने को भी साकार करेंगे।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि विश्वविद्यालय का इनक्यूबेशन सेंटर छात्रों के आइडियाज को जमीन पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा उद्देश्य छात्रों को केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि उन्हें एक सफल उद्यमी बनाकर इंडस्ट्री के लिए तैयार करना है। एमपीआईडीसी के संभागीय अधिकारी श्री राजेश राठौर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कहा कि स्मार्ट सोलर प्रोडक्ट्स की आज बड़ी जरूरत है। युवा उद्यमी शासन की नीतियों का लाभ उठाकर इस क्षेत्र में अपार सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

स्टार्टअप के निदेशक नक्षत्र सैनी और यतेंद्र सैनी ने बताया कि उनका उपक्रम सभी प्रकार के सोलर उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। इसमें स्मार्ट सोलर प्रोडक्ट्स की ट्रेडिंग, डिस्ट्रीब्यूशन, डीलरशिप और ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस की सुविधा शामिल रहेगी। विश्वविद्यालय के छात्रों के कौशल विकास के लिए ट्रेनिंग और इंटर्नशिप प्रोग्राम भी शुरू किया गया है। समारोह के दौरान ही कई उत्साही विद्यार्थियों ने इंटर्नशिप जॉइन कर ली, जहां उन्हें फील्ड पर जाकर सोलर पैनल की स्थापना और रखरखाव का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा।

# श्वेताम्बर जैन समाज मनाएगा तीन दिवसीय महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव

### 29 से 31 मार्च तक होंगे विविध आयोजन; मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे शामिल, निकलेगा विशाल वरघोड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सकल श्वेताम्बर जैन समाज, उज्जैन द्वारा इस वर्ष भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव तीन दिवसीय भव्य आयोजनों के साथ मनाया जा रहा है। महोत्सव के विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 29, 30 और 31 मार्च 2026 को शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित होंगे। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उपस्थित रहेंगे।

आयोजन समिति के अनुसार, इस तीन दिवसीय महोत्सव में पू. पन्यास श्री अभ्युदय सागर जी म.सा., मालवा मार्तंड पू. डॉ. आ. श्री मुक्तिसागर सूरीश्वर जी म.सा., मालव भूषण प.पू. आ. दे. श्री नवरत्न सागर सूरीश्वर जी म.सा., युवा हृदय सम्राट प. पू. आ. दे. श्री विश्वरत्न सागर सूरीश्वर जी म.सा., जाप ध्यान निष्ट पू. आ. श्री अचल मुक्ति सागर सूरि जी म.सा., आगम विशारद बुद्ध पुत्र प्रवर्तक श्री जिनेन्द्र मुनिजी महाराज साहब एवं संत सती मंडल, प.पू.सा. श्री हेमेन्द्र श्री जी म.सा., श्री चारूधर्मा श्री जी म.सा., प. पू. सा. श्री दिव्यशा श्री जी म.सा. आदि श्रमण श्रमणी वृंद, मालव मणि परम पूज्य गुरुवर्या श्री चंद्र प्रभा श्री जी महाराज साहब, परम पूज्य साध्वी श्री चंदनबाला श्री जी महाराज साहब आदि ठाणा 6, प. पू. महासती दिवाकर दीप्ति तप चक्रेश्वरी श्री अरूण प्रभा जी म. सा. ठाणा 4 एवं उज्जैन में विराजित श्रमण श्रमणी वृंद का पावन सानिध्य प्राप्त होगा।

महोत्सव के कार्यक्रमों की शुरूआत 29 मार्च को दोपहर 2 बजे श्री शातिनाथजी मंदिर छोटा सराफा में सृजन संस्था द्वारा आयोजित बालक-बालिकाओं की चित्रकला प्रतियोगिता से होगी। इसी दिन शाम 7.30 बजे श्री राजेन्द्र जैन सभागृह क्षीरसागर में जैन सोशल ग्रुप सागर के संयोजन में बच्चों के लिए 'हम जैन हैं' धार्मिक अंताक्षरी व सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अगले दिन 30 मार्च को प्रातः 6 बजे श्री ऋषभदेव मंदिर खाराकुआं से श्वेताम्बर एवं दिगंबर समाज की सामूहिक प्रभात फेरी निकलेगी। इसी दिन दोपहर 1.30 बजे राजेन्द्र सभागृह में विशाल महिला सम्मेलन होगा और शाम 7.30 बजे इसी सभागृह में भव्य म्यूजिकल धार्मिक हाउजी का आयोजन होगा। मुख्य दिवस 31 मार्च को प्रातः 7.30 बजे श्री ऋषभदेव मंदिर से भगवान महावीर का विशाल वरघोड़ा निकाला जाएगा जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगा। महोत्सव का समापन 31 मार्च की शाम 7 बजे से झालरिया मठ नृसिंह घाट के पास प्रख्यात गायक श्री विक्की पारीख की महावीर भक्ति भजन संध्या के साथ होगा।

महोत्सव में विशेष अतिथि के रूप में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, पूर्व मंत्री पारसचंद जैन, मुख्यमंत्री के निज सचिव मयूर शाह, श्री अवंती पार्श्वनाथ तीर्थ के अध्यक्ष अशोक कोठारी, श्री राजेन्द्र सूरी जैन ज्ञान मंदिर के अध्यक्ष मदनलाल रूनवाल और अभ्युदयपुरम तीर्थ के अध्यक्ष बाबूलाल धनराज डोडिया उपस्थित रहेंगे। स्वामी वात्सल्य के मुख्य लाभार्थी राजस्थान निवासी बाबूलाल धनराज डोडीया गाँधी परिवार हैं। महोत्सव को सफल बनाने के लिए श्री महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के शहर संयोजक डॉ. संजीव जैन व संजय जैन (खलीवाला), महिला वर्ग संयोजिका प्रफुल्ल गादिया, सहसंयोजक वरूण श्रीमाल, रजत मेहता, राजेश पाटनी, अश्विन मेहता, सुशील जैन और सहसंयोजिका आशा पालरेचा, सरिता रत्नबोहरा, निर्मला कांठेड, अंजु मनोज सुराना, सीमा दुग्गड़, श्वेता भंडारी और संगीता गादिया सहित विभिन्न महिला, नवयुवक और बालक-बालिका मंडलों के सदस्य सक्रिय रूप से सेवा दे रहे हैं।

# खरगोन पुलिस ने मोटर साइकल चोर को किया गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद



नगर के थाना सनावद पर पुलिस टीम ने 1 शातिर मोटर साइकिल चोर को गिरफ्तार कर 7 मोटर साइकल कीमत लगभग 3 लाख 50 हजार रुपये को जप्त करने में सफलता हासिल की है दिनांक 25 मार्च को फरियादी निवासी भवानी रोड टवडीपुरा सनावद ने थाना सनावद पर सूचना दी थी कि, दिनांक 20 मार्च को देर शाम जब फरियादी अपने परिवार के साथ बाजार गया था वहां उसने अपनी हिरो सी.डी. डिलक्स खड़ी की थी जो वापस आने पर वहां नहीं मिली मोटर साइकल की आस पास तलाश की परंतु नहीं मिली । कोई अज्ञात व्यक्ति फरियादी की हिरो सी.डी. डिलक्स को चुरा कर ले गया है । फरियादी की सूचना पर थाना सनावद पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

बाजार से मोटर साइकल चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी सनावद धर्मेन्द्र यादव के नेतृत्व में पुलिस थाना सनावद से पुलिस टीम का गठन किया गया व उक्त चोरी की घटना में संलिप्त आरोपी की धरपकड़ हेतु निर्देशित किया गया प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस टीम के द्वारा बस स्टेण्ड सनावद एवं घटना स्थल पर के आसपास संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही फुटेजो का संकलन किया गया एवं उन्हें बारीकी से खंगाला गया । पुलिस टीम के द्वारा सीसीटीव्ही फूटेज में कुछ संदिग्धों व्यक्तियों को भी चिह्नित किया गया । साथ ही मुखबिरों को भी सक्रिय कर उक्त घटना में संलिप्त आरोपियों की जानकारी एकत्रित करने के लिए लगाया गया परिणामस्वरूप पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, उक्त मोटर साइकल चोरी की घटना में जिला खंडवा के थाना मांधाता क्षेत्र के रहने वाले छोटेलाल पिता तोताराम वास्कले का हाथ हो सकता है ।

प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम के द्वारा तत्काल छोटेलाल पिता तोताराम वास्कले को अभिरक्षा में लिया गया व उससे उक्त मोटर साइकल चोरी की घटना के बारे में बारीकी व मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गई जिसमें छोटेलाल पिता तोताराम वास्कले ने उक्त हिरो सी.डी. डिलक्स को चोरी करने की घटना को स्वीकार किया गया पुलिस टीम के द्वारा छोटेलाल पिता तोताराम वास्कले से अन्य मोटर साइकल चोरियों के बारे में पूछताछ करने पर उसने पुलिस टीम को अन्य मोटर साइकल चोरी की घटना में भी जानकारी दी व मोटर साइकलो को ग्राम जुनापानी फारेस्ट के जंगल में झाड़ियों में छुपा कर रखना स्वीकार किया ।



## जन अभियान परिषद द्वारा पिपलोदा रोड पर जल मंदिर किया शुरू

जावरा ।नगर पालिका व नवांकुर समिति चित्रांश सामाजिक वेलफेयर सोसाइटी द्वारा नगर विकास प्रस्फुटन समिति वार्ड 29 के माध्यम से नगर के बस स्टेंड व पिपलौदा रोड चौराहे पर राहगीरों की सुविधा के लिए ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के निमित्त जल मंदिर का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय ने जल के महत्व पर चर्चा करते हुए उपस्थित जनों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई । विकास खंड समन्वयक युवराज सिंह पंवार स्थानीय पार्षद शिवेंद्र माथुर ,परामर्शदाता सुनील जमडा, राजेंद्र त्रिवेदी एडवोकेट शैलेंद्र शर्मा, वीरेंद्र सिंह चौहान,अंकित पामेचा,अंकुर सेठिया,जय रांका,आनंद नेका,सुखदेव पांचाल,देवप्रकाश पाटीदार,जीतू सोलंकी, नरी भैया ,सन्नी रामचंदानी,नवांकुर समिति चित्रांश वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## ग्राम धामनगांव में मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेला 2026 का भव्य समापन

बुरहानपुर। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम धामनगांव में आयोजित मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेला 2026 का 27 मार्च (श्रीराम नवमी) देर रात को अत्यंत भव्य, श्रद्धामय और भाव-विभोर वातावरण में समापन हुआ। नौ दिनों तक चले इस विराट आयोजन ने क्षेत्र में आस्था, सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक समरसता और ग्रामीण विकास का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। समापन अवसर पर आयोजित भव्य भक्ति संध्या में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) के सान्निध्य में हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। सुप्रसिद्ध भजन गायक अरुण मनी लखखा की ओजपूर्ण और भावपूर्ण प्रस्तुति ने समां बांध दिया। ₹श्री राम आए हैं₹ और ₹मुझे चढ़ गया भगवा रंग₹ जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# लोकसभा में गूंजा मुद्दा, सांसद पटेल ने टीईटी नियमों पर पुनर्विचार की मांग उठाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी



बड़वानी लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल ने लोकसभा के शून्यकाल के दौरान मध्यप्रदेश के शिक्षकों से जुड़े एक महत्वपूर्ण विषय को प्रभावी ढंग से उठाया। उन्होंने शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता पर पुनर्विचार करने की मांग केंद्र सरकार के समक्ष रखी। सांसद श्री पटेल ने सदन को अवगत कराया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेशों के पालन में म.प्र राज्य में प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों के लिए अनिवार्य किया गया है। जबकि बड़ी संख्या में ऐसे शिक्षक हैं जिनकी नियुक्ति शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने से पूर्व नियमानुसार की गई थी, उस समय ञ्शवञ्ज का कोई प्रावधान नहीं था।

उन्होंने कहा कि इन शिक्षकों की नियुक्ति तत्कालीन ह्लष्ह्रञ्शव के नियमों के अंतर्गत पूरी तरह वैध रूप से हुई थी और वे वर्षों से निरंतर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वर्तमान में ञ्शवञ्ज को अनिवार्य किए जाने से उन्हें व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनके मनोबल पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। ऐसी परिस्थितियों में ञ्शवञ्ज की अनिवार्यता से राहत प्रदान करना न्यायसंगत और आवश्यक है।

## गुड़ी रेलवे स्टेशन पर हुए निमार्ण कार्य शंकाओं के घेरे में

**खंडवा/गुड़ी।** साउथ सेंट्रल रेलवे के खंड़वा से आमलाखुर्द तक ब्राडगेज रेल ट्रेक बन कर तैयार होने के बाद गुड़ी रेलवे स्टेशन पर जो भी निमार्ण कार्य हुए है। गुणवत्ता को लेकर शंकाओं के घेरे में है।लगभग दो वर्ष होने को आए राईट कन्ट्रक्शन कम्पनी पूना द्वारा ठेकेदारी प्रथा अंतर्गत गुड़ी रेलवे स्टेशन पर स्टेशन भवन, निमार्ण कार्य किए गए सब पर शंकाओं के बादल मंडरा रहे है।

## मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ महेश्वर तहसील इकाई की घोषणा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निदेर्शानुसार एवं निमाड़ संभागीय अध्यक्ष विजय मोरे की अनुशंसा तथा जिला अध्यक्ष सदाशिव वर्मा और महेश्वर तहसील अध्यक्ष दीपक तोमर की सहमति पर जिला उपाध्यक्ष अमन वर्मा द्वारा महेश्वर तहसील इकाई की घोषणा की गई। संगठन के विस्तार एवं पत्रकारों को एकजुट करने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। घोषित कार्यकारिणी में महेश्वर तहसील संरक्षक के रूप में दुर्गेश कुमार राजदीप एवं उदय सिंह पटेल को मनोनीत किया गया है। तहसील उपाध्यक्ष पद पर दिलीप वर्मा (बाबा), तहसील सचिव अश्विन पिपल्दे, महासचिव अविनाश पटेल, संयुक्त सचिव नितिन जोशी, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह पटेल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में प्रवीण वर्मा, महेंद्र वर्मा, तरुण कुमारावत एवं विजय पाटीदार को शामिल किया गया है। संगठन के पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की है कि सभी नवनियुक्त सदस्य पत्रकारों के हितों की रक्षा, संगठन की मजबूती तथा निष्पक्ष पत्रकारिता को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। नवनियुक्त पदाधिकारियों को अमन वर्मा, जिला सचिव शिवशंकर रोकड़े, जिला संयुक्त सचिव दिलीप सोनी, जिला कार्यकारिणी सदस्य कमलेश चौहान, नवीन ठाकुर, हरचरण सिंह मुच्छाल आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बुरहानपुर। ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा 28 मार्च शनिवार को मोमिन जमातखाना, बुरहानपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 96 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के डॉ. प्रशांत खैरनार, डॉ. प्रवीण बोर्डे, डॉ. राहुल खांडेकर, डॉ. दिव्येश लाड, डॉ. अकरम खान और अमित नायडू ने मरीजों का परामर्श किया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने और सुरक्षित रखने की सलाह दी गई। सभी मरीजों का निःशुल्क श्वष्टत्र, शुगर जनरल चेकअप और ब्लड प्रेशर की जाँच की गई।

# झंडावंदन से प्रारम्भ होगा महावीर जयंती समारोह, 31 मार्च को निकलेगा भव्य चल समारोह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा



श्री सयुक्त जैन महावीर जयंती उत्सव समिति व्दारा मनाऐ जाने जन्मकल्याणक महोत्सव का शुभारंभ झंडावंदन से होगा। उक्त कार्यक्रम पीपली बाजार में सम्पन्न होगा । उपरोक्त जानकारी अध्यक्ष अभय कोठारी, महासचिव शिखर धारीवाल कोषाध्यक्ष कैलाश बारोड ने देते हुए बताया की सागर साधना सदन मे रांगोली प्रतियोगिता होगी । रात्री में जेन सोशल ग्रुप द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रम होगा।

रविवार को प्रातः चन्दा प्रभु दिगम्बर मंदिर शास्त्री कालोनी से प्रभात फेरी निकलेगी। संयोजक अतुल मेहता, वीरेन्द सेठिया महिला समिति की अर्चना कर्नावट, आभा ठोरा , पायल, अंशु श्रीमाल ,पायल पोखरना ने बताया की प्रभात फेरी के साथ नवकारसी शंखेश्वर पार्श्वनाथ मन्दिर पर रखी गई है साथ ही तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता एवं धार्मिक ज्ञान विज्ञान प्रदर्शनी दोपहर 3 बजे सागर साधना भवन सोमवारिया मे सम्पन्न होगी। रात्रि 8 बजे धार्मिक अंताक्षरी एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन रखा गया जिसका संयोजन शशि तलेसरा, विनिता विनायका, पल्लवी ओस्तवाल करेगी।

30 मार्च को नगर मे प्रभात फेरी पीपली बाजार पंचायती नोहरा से निकलेगी संयोजक सुभाष टुकडीया, सुभाष डुंगरवाल, पारस सकलेचा, प्रकाश जैन पटवारी, चित्रा ओस्तवाल प्रमिला धारीवाल, प्रियंका चोरडिया, प्रियका जैन, प्रिया गंगवाल ने कहा गवली बनाओ दीप सजाओ प्रतियोगिता दोपहर 3 बजे होगी रात्री 8 बजे फेन्सी ड्रेस एवं वीर गुणगान का आयोजन होगा चेतना माण्डोत, दीपाली चपडोद, मोनिका पावेचा, सपना चपडोद, प्रिया गंगवाल कार्यक्रमों का संयोजन करेगी।

श्री सयुक्त जैन महावीर जयंती उत्सव समिति द्वारा 31 मार्च को महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अन्तर्गत भव्य चल समारोह पंचायती नोहरा से निकलेगा जिसकी अगवानी सकल श्री संघ के सभी संघो के अध्यक्ष, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक करेगे। चल समारोह समिति के संयोजक संदीप रांका,सह संयोजक राहुल ओस्तवाल,राहुल चपडोद, अनिल धाडीवाल,कमल जैन यति श्रेयांस कोठारी, रोहित गंगवाल, मनीष सकलेचा,ऋषभ पटवा, सारिका कोलन, रानी सुराणा, वर्षा रुनवाल, अंजू तातेड, सुप्रिया लुहाडिया करिश्मा भण्डारी ने बताया की प्रातः 8,45 प्रारम्भ होगा जिसका समापन पीपली बाजार में धर्म सभा के साथ होगा। सकल श्री संघ एवं जैन सोशल ग्रुप मेन द्वारा श्री राजेन्द सुरी जैन दादावाडी मे स्वामी वात्सल्य होगा रात्री मे समापन एवं पुरस्कार वितरण होगा। साथ ही गरीबो को भोजन, पक्षियों को दाना, बंदरो एवं श्वानो को रोटी, -गुड खिलाया जावेगा।

## महावीर जयंती समारोह 30 मार्च को मनाया जाएगा

**खंडवा।** जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म जयंती महोत्सव 30 मार्च को धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जाएगा। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की जन्म जयंती से महावीर जयंती तक प्रतिदिन खंडवा में जैन मंदिरो धर्मशाला एवं अलग-अलग स्थानो पर समाज एवं अलग-अलग मंडलों द्वारा भजन संध्या, भगवान का पालना झुलाना, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विनती का बुलावा जैसे कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित हो रहे हैं। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि हर्ष का विषय है कि धार्मिक और सांस्कृतीक नगरी खंडवा में बजरंग चौक स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर का तीसरा कल्याणक महोत्सव 11 अप्रैल से 16 अप्रैल के बीच संपन्न होगा, जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी है।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

बड़वानी। राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित ₹वंदे मातरम 150 वर्ष₹ अभियान के अंतर्गत, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस गौरवमयी अवसर पर विद्यार्थियों और प्राध्यापकों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया, जिससे संपूर्ण परिसर देशभक्ति के भाव से ओतप्रोत हो उठा। वक्ताओं ने इस गीत के ऐतिहासिक महत्व और स्वतंत्रता संग्राम में इसकी प्रेरणादायी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रभक्ति के संकल्प से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, तहसीलदार बड़वानी,महाविद्यालयीन स्टाफ, एनसीसी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## ध्वनि प्रदूषण करने वाले वाहन चालक पर पुलिस की कार्रवाई

बड़वानी। पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में यातायात पुलिस बड़वानी द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी कर मोटरसाइकिल से साइलेंसर निकालकर तेज आवाज (ध्वनि प्रदूषण) उत्पन्न करते हुए वाहन चलाने वाले चालक को पकड़कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई क जा रहीं है। इसी क्रम में आज दिनांक 28 मार्च को चैकिंग के दौरान चालक द्वारा तेज गति से वाहन चलाना एवं ध्वनि प्रदूषण करना पाया गया।

# मलाइका ने सोराब बेदी संग डेटिंग रूमर्स पर तोड़ी चुप्पी

## कहा- लिंक अप की अफवाहों पर मैं और बेटे अरहान हंसते हैं



एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने एक्टर सोराब बेदी के साथ उनकी डेटिंग की अफवाहों को खारिज किया। हाल ही में कर्ली टेल्स को दिए इंटरव्यू में मलाइका ने उनके रिलेशनशिप स्टेटस पर चल रही चचाओं पर बात की। उन्होंने कहा कि कभी-कभी ये इरिटेटिंग होता है, लेकिन अब मैं इसे मजाक की तरह लेती हूं। मैं इसे ज्यादा महत्व नहीं देती।

मलाइका ने यह भी कहा कि इस तरह की अफवाहों पर वह और उनके बेटे अरहान खान हंसते हैं। बता दें कि मलाइका का नाम सोराब बेदी से तब जुड़ा जब दोनों का एक कोजी वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में सोराब मलाइका को गले लगाए डांस करते दिखे थे।

हालांकि इस पर एक्टर ने कहा था कि वो और मलाइका सिर्फ दोस्त हैं और कई सालों से एक-दूसरे को जानते हैं।

सोराब ने टेली टॉक को दिए इंटरव्यू में कहा था, “डेलनाज दारूवाला और वहबिज मेहता ने मेरे मॉडलिंग के दिनों में मुझे रैंप पर चलने का मौका दिया। मेरी उनसे दोस्ती हुई और मैं उनके साथ पार्टियों में जाने लगा। उन्हीं में से एक पार्टी में मैं अपने मेंटर्स के जरिए मलाइका से मिला। वह भी डेलनाज और वहबिज की करीबी दोस्त हैं। इस तरह मलाइका और मेरी दोस्ती हुई। हमारे बीच ऐसा कुछ भी नहीं है।”

सोराब ने आगे कहा था, “लोग हमारे बारे में तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। किसी लड़की के बारे में कुछ भी बोलने से पहले उन्हें दो बार सोचना चाहिए। इससे उसकी मानसिक स्थिति पर असर पड़ सकता है। ऐसा नहीं करना चाहिए।”

### कई सालों से साथ पार्टी करते हैं सोराब-मलाइका

लिंक अप की खबरों पर सफाई देते हुए सोराब ने कहा था, मैं कई सालों से वहबिज, डेलनाज और मलाइका के साथ पार्टियों में जाता रहा हूं। पहले भी मैं मलाइका के साथ तस्वीरें शेयर करता था, लेकिन उस समय मैं जाना-पहचाना चेहरा नहीं था। अब मैं थोड़ा पहचाना जाने लगा हूं, इसलिए लोग इस पर ध्यान दे रहे हैं। मैंने पहले भी ऐसे वीडियो और तस्वीरें शेयर की हैं। दो लोग दोस्त हो सकते हैं। हम एक-दूसरे पर भरोसा करते हैं, लेकिन लोगों ने इसे अलग ही तरह से ले लिया।





## बेंगलुरु ने पहले मैच में हैदराबाद को छह विकेट से करारी शिकस्त दी विराट और पडिक्कल ने खेली तूफानी अर्धशतकीय पारियां

# कोहली के कमाल से जीती आरसीबी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ बेंगलुरु,

किंग कोहली ने एक बार फिर दिखाया कि क्यों उन्हें चेज मास्टर कहा जाता है। उन्होंने एंकर की भूमिका निभाते हुए शनिवार को गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आईपीएल के शुरूआती मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद पर 26 गेंद रहते छह विकेट से बड़ी जीत दिलाई। कोहली ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलने के साथ ही दो शानदार साझेदारियां भी निभाई।

कोहली ने 38 गेंदों में नाबाद 69 रन बनाए। उन्होंने देवदत्त पडिक्कल (61) के साथ दूसरे विकेट के लिए 101 और कप्तान पाटीदार (31) के साथ तीसरे विकेट के लिए 53 रन जोड़े। इससे बेंगलुरु ने 202 रन का लक्ष्य 15.4 ओवरमें चार विकेट पर 203 रन बनाकर हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए बेंगलुरु ने दूसरे ओवर में सॉल्ट का विकेट गंवा दिया। उनादकट ने सॉल्ट को क्लासेन के हाथों कैच करवाया। इसके बाद क्रीज पर आए पडिक्कल ने हैदराबाद के गेंदबाजों की खूब धुनाई की। उन्होंने मात्र 21 गेंदों में पचास रन पूरे कर लीग का अपना सबसे तेज अर्धशतक जड़ दिया।

कोहली ने उनका अच्छे से साथ दिया। इस खतरनाक होती साझेदारी को दुबे ने पडिक्कल को आउट कर तोड़ा। रजत ने छोटी पर आक्रामक पारी खेली। उन्होंने 12 गेंद में तीन छक्के और दो चौके जड़े। डेविड पेनी ने लगातार दो गेंद में रजत और जितेश को आउट किया। हालांकि कोहली पर इसका कोई असर नहीं हुआ। उन्होंने टिम डेविड (16) के साथ पांचवें विकेट के लिए अटूट 40 रन जोड़े और टीम को जीत दिलाकर लौटे।

इससे पहले ईशान ने आईपीएल में कप्तान के रूप में अपने पहले ही मुकाबले में तूफानी अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 38 गेंदों में पांच छक्कों और आठ चौकों से 80 रन की पारी खेली। इससे हैदराबाद ने नौ विकेट पर 201 रन बनाए। उनके अलावा अनिकेत वर्मा (43), क्लासेन (31) और ट्रेविस हेड (11) ही दोहरे अंक तक पहुंच पाए। बेंगलुरु से खेल रहे न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने हैदराबाद के दोनों ओपनरों सहित तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर अपने पदार्पण को यादगार बना दिया। बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर करीब दस महीने बाद क्रिकेट की वापसी हुई है। पिछले साल बेंगलुरु के पहली बार खिताब जीतने के बाद जश्न में मची भगदड़ के दौरान 11 प्रशंसकों की मौत होने से इस मैदान पर क्रिकेट नहीं हो रहा था। पाटीदार के फैसले को डफी ने सही साबित किया। उन्होंने अपने लंबे कद का पूरा इस्तेमाल करते हुए बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। अपने दूसरे ओवर में ही पांच गेंदों में अभिषेक और हेड को पवेलियन भेजकर हैदराबाद को दोहरे झटके दिए। हेड और नीतिश रेड्डी को भी डफी ने पवेलियन भेजा। पावरप्ले में टीम ने तीन विकेट पर 49 रन बनाए।

### किशन बने तीन हजारी

ईशान किशन ने आईपीएल के 17वें अर्धशतक के दौरान लीग में 3000 रन भी पूरे किए। ये किसी भारतीय खिलाड़ी के गेंद के हिसाब छठे सबसे तेज तीन हजार रन हैं। उन्होंने अपने 120वें मैच में 2180 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की। पंत (2028 गेंद), यूसुफ पठान (2082 गेंद), सूर्यकुमार (2130 गेंद), सुरेश रैना (2135 गेंद) और धौनी (2152 गेंद) ही उनसे आगे हैं।

### सबसे तेज 200 प्लस का लक्ष्य

बेंगलुरु सबसे तेज 200 प्लस का लक्ष्य हासिल करने वाली टीम रही। उसने 15.4 ओवर में यह मुकाम हासिल कर एक गेंद से राजस्थान रॉयल्स का रिकॉर्ड तोड़ा। राजस्थान ने पिछले साल जयपुर में गुजरात के खिलाफ 15.5 ओवर में ऐसा किया था। टीम ने हैदराबाद के खिलाफ दूसरा सबसे बड़ा लक्ष्य पाया। इससे पहले पंजाब ने 2014 में 206 रन का लक्ष्य हासिल किया था।

### ईशान ने पांडे का पांच साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

ईशान हैदराबाद की ओर से कप्तान के रूप में पहले ही मुकाबले में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने मनीष पांडे (नाबाद 69 रन, 2021 बनाम मुंबई) का पांच साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। डेविड वॉर्नर (53 रन, 2015 बनाम चेन्नई) तीसरे नंबर पर हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154










सनातन धर्म के चार युग
1. सतयुग
17,28,000 वर्ष
प्रारंभ: पुष्कर
2. त्रेतायुग
12,96,000 वर्ष
प्रारंभ: नैमिशारण्य
(अवश्ये दोयाा / आँझ्रान विक्रि )
3. द्वापरयुग
8,64,000 वर्ष
प्रारंभ: कुरुक्षेत्र
4. कलियुग
4,32,000 वर्ष
प्रारंभ: गंगा
ॐ
धर्म के चरण
4
3
2
1

# भारतीय बनें, भारतीय खरीदें, भारतीय संस्कृति पर गर्व करें।

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद - प्रयोग करें | बहुराष्ट्रीय कंपनियों के उत्पाद बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | गोदरेज, संतूर, निरमा, मैसूर सैंडल, विप्रो-शिकाकाई, मेडिमिक्स, सिंथाल, नीमा | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, डॅव, पॉडन्स, पामोलिव, जान्सन, डेटॉल, एमवे |
| कपड़े व फर्श धोने का साबुन | स्वस्तिक, ससा, प्लस, निरमा, विमल, हीपोलिन, डेट, फेना, उजाला, इजी, घड़ी, जेंटिल, आरती, दो कैंची, स्वराज, वैगस | व्हील, एरियल, सर्फ एक्सल, रिन, विमबार, रॉबिन ब्लू |
| सौंदर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यु, सिंथॉल, संतूर, इमामी, बोरोप्लस, तुलसी, वीको टर्मरिक, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पेराशूट, डाबर, झंडू, सांडू, बैद्यनाथ, हिमालय, बारोलीन, बजाज सेवाश्रम, मूव, क्रेक क्रीम, अयूर | जॉनसन, पाण्ड्स, ओल्ड स्पाईस, फेयर एण्ड लवली, मेडीकेयर, नायसिल, लिरिल, लेक्मे, पेन्टीन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लीनिक |
| टुथपेस्ट दंतमंजन टुथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, विको, एंकर, डाबर, मिसवाक, अजंता, बैद्यनाथ, इमामी, हिमालय, दंतकांति | कोलगेट, सिबाका, क्लोजअप, पैप्सोडेंट, ओरल-बी, एमवे, सैन्सोडाईन |
| शेविंग साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, वी-जॉन, टोपाज, पार्क एवेन्यू | निविया, ओल्ड स्पाईस, जिलेट, सेवेन-ओ-क्लाक |
| बिस्किट, चाकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | बेकमेन, मोर्नको, क्रेकजैक, शालीमार, पैरी, रावलगांव, क्लासिक, अमूल, न्यूट्रामूल, सफल, वेरका, सागर, प्रिया गोल्ड, न्यूट्रीन, वीटा, मदर डेरी, क्रीमिका, राजा, सनफीस्ट, पार्ले, फर्निटियर, महालक्ष्मी, हल्दीराम, बिकानो | ब्रिटानिया, टाईगर, मैरी, नैसले, कैडबरी, बोर्नव्हिटा, हार्लिक्स, बूस्ट, किसान, मैगी, कॉम्प्लान, मिल्कफूड |
| चाय-कॉफी | टाटा टी, आसाम टी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, टिपस, तेज, टाटा कॅफे, टाटा-टेटली, वाघ-बकरी, आर्गेनिक, इन्डिया | ब्रुक बाण्ड, ताजमहल, रेड-लैबल, लिप्टन, ग्रीन लेवल, नेसकैफे, नेस्ले, ब्रू |
| शीतपेय, चटनी, आचार, मुरब्बा | एनर्जी, कैपोकोला, जम्पिन, फ्रुटी, डाबर, रसना, हमदर्द, रूह-आफजा, हल्दीराम, गोकुल, बीकानेर, प्रिया, अशोक, मदर्स, रियल जूस | लेहर, पेप्सी, सेवन-अप, मिरींडा, कोका-कोला, सोडा, लिम्का, थम्स-अप, फैन्टा, स्प्राईट |
| पीने का पानी | बैली, नेचुरल, रेल नीर | अॅक्वाफिना, किन्ले, फोस्टर्स |
| आईस्क्रीम | दिनशॉ, वाडीलाल, अमूल, हिमालय, निरूला, मदर डेयरी, हैव मोर, वेरका, वीटा, क्रीमबेल, प्रीतम बादशाह | कैडबरी, क्वालिटी वॉल्स, बास्कीन-राबिन्स, कॉरनेट्टो |
| खाद्यतेल, खाद्य पदार्थ | सनफलावर, मारुति, पोस्टमैन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, सनड्राप, रथ, पैराशूट, अशोक, सफोला, गगन, अमृत, वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, डाबर, लिज्जत, शक्तिभोग आटा, टाटा नमक, एम.टी.आर., हल्दीराम, बिकानों, महालक्ष्मी | डालडा, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक, आटा और मैगी, किसान, ब्रुक बाण्ड, पिल्सबरी आटा, कैप्टन कुक नमक और आटा, अंकल चिप्स, लेज, लेहर |
| विद्युत उपकरण गृहोपयोगी वस्तु | विडियोकॉन, बी.पी.एल., ओनिड़ा, सलोरा, टी-सीरीज, वेस्टर्न, टी.सी. एल., गोदरेज, बजाज, ऊषा, पोलर, ऐंकर, सूर्या, ओरिएन्ट, क्रॉम्प्टन, लायड्स, ब्लूस्टार, वोल्टास, खेतान, एवरड्रेडी, जिप, नोविनो, सुमित, हॉकिन्स, प्रेस्टीज, महाराजा, प्रेशर कुक्कर, सुजाता मिक्सी | फिलिप्स, सोनी, निप्पो, शार्प, व्हर्लपूल, सेमसंग, नैशनल-पैनासोनिक, तोशिबा, एलजी, हिताची, सानसूई, केनवुड, टपरवेयर, ओमेगा, टाइमैक्स, पायोनियर |
| घड़ियां | टाईटन, अजंता, एचएमटी, मैक्सिमा, फास्ट्रैक | ओमैगा, टाईमेक्स, राडो, टीसोट, गेस, माट ब्लैक |
| लेखन सामग्री | विल्सन, कैम्लिन, रोटोमैक, सेलो, स्टिक, मोंटेक्स, कैमल, स्टिक, अप्सरा, लिंक, बिल्ट, चौहान पेपर्स | पार्कर, पायलट, फैबर-कैसेल, लक्जर, कोरस |
| जूते, चप्पल, पॉलिश | लखानी, लिबर्टी, एक्शन, पैरागॉन, करोना, रिलैक्सो, रेड-टेप, किवी शू पॉलिश, वुडलैंड | प्यूमा, पॉवर, चेरी-ब्लॉसम, एड्डिडास, रिबॉक, नाइकी, लीकूपर, गैसोलीन, बाटा |
| तैयार कपड़े | स्पाईकर, डयूक, मफतलाल, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईग मशीन, जोडिएक, डेनिम, प्रोलीन, टीटी, लक्स, अमूल, वीआईपी, रूपा, रेमण्ड, ग्रासिम, पार्क एवेन्यू, अल्टिमो, मोन्टी कार्लो, | ली, पीटर इंग्लैंड, ऐरो, लोकास्टे, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेपे जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, एलन सोली, यूएस पोलो। |

**उपरोक्त के अतिरिक्त सभी स्थानीय, लघु-कुटीर उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद**


12 ज्योतिर्लिंग
भगवान शिव के पवित्र धाम
केदारनाथ (उत्तराखंड)
काशी विश्वनाथ (उत्तर प्रदेश)
नागेश्वर (गुजरात)
महाकालेश्वर (मध्य प्रदेश)
वैद्यनाथ (झारखंड)
ॐ
ओंकारेश्वर (मध्य प्रदेश)
सोमनाथ (गुजरात)
घृष्णेश्वर (महाराष्ट्र)
त्र्यंबकेश्वर (महाराष्ट्र)
भीमाशंकर (महाराष्ट्र)
मल्लिकार्जुन (आंध प्रदेश)
रामेश्वरम (तमिलनाडु)

# भारत में कौन सा फसल किस राज्य में फेमस है?

**पंजाव**
फसल: गेहूं, धान

**हरियाणा**
फसल: गेहूं, सरसों

**उत्तर प्रदेश**
फसल: गन्ना, गेहूं, धान

**विहार**
फसल: धान, मवका

**राजरथान**
फसल: वाजरा, मुंगकसी

**प. वंगात**
फसल: धान, आलू

**गुजरात**
फसल: कपास, मूंगफली

**ओड़िशा**
फसल: धान, समुदी भौलन

**महाराष्ट्र**
फसल: गन्ना, कपास, भौयावीन

**छसीवगढ़**
फसल: चावल, तैहू पसा




**गह्य प्रदेश**
फसल: भौयावीन, गेहूं

**कर्नाटक**
फसल: कॉफी, रामी

**तेलंगाना**
फसल: धान, मिर्च


**आंध्र प्रदेश**
फसल: चावल, मिर्च

**केरल**
फसल: नारियल, रवर, मसाले

**तमिलनाड्ड**
फसल: चावल, मन्ना

## भारत की प्रमुख फसलें और राज्य

| फसल | फेमस राज्य |
|---|---|
| चाय | असम, प. वंगाल |
| कॉफी | कर्नाटक, केरल |
| मसाले | केरल, कर्नाटक |
| गन्ना | उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र |
| सरसों | राजस्थान, हरियाणा |
| चावल | प. वगाल, तनिलनाडु, विहार |


॥ प्रभु श्री राम वन गमन पथ ॥
1. अयोध्या: वनवास का आरंभ
पिता के वचन के लिए, श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण ने राजमहल का त्याग किया।
2. श्रृंगवेरपुर: केवट प्रसंग
निषादराज गुह और केवट से भेंट हुई, जिन्होने प्रभु के चरण धोकर उन्हें गंगा पार कराई।
3. चित्रकूट: भरत मिलाप
भरत जी ने श्री राम से अयोध्या लौटने का आग्रह किया और उनकी चरण पादुका लेकर वापस गए।
4. दंडकारण्य (पंचवटी): सीता हरण
शूर्पणखा प्रसंग के बाद, रावण ने स्वर्ण मृग का छल कर माता सीता का हरण किया और जटायु ने बलिदान दिया।
5. किष्किंधा: हनुमान व सुग्रीव से मिलन
श्री राम की हनुमान जी और सुग्रीव से भेंट हुई, बाली का वध हुआ और वानर सेना ने सीता की खोज आरंभ की।
6. रामेश्वरम: राम सेतु निर्माण
भगवान शिव की आराधना के बाद, नल-नील के मार्गदर्शन में वानर सेना ने लंका तक सेतु का निर्माण किया।
7. श्रीलंका: धर्म की विजय
भीषण युद्ध के बाद रावण का वध हुआ और विभीषण का राज्याभिषेक कर धर्म की स्थापना हुई।

■ वर्ष-12 अंक-144 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश |छत्तीसगढ़ |गुजरात |महाराष्ट्र |राजस्थान |उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान् रिपु:।
नास्त्युद्यमसमो बन्धु: कृत्वा यं नावसीदति॥

**भावार्थ** : आलस्य मनुष्य के शरीर का सबसे बड़ा शत्रु है। मेहनत के समान कोई मित्र नहीं है, क्योंकि मेहनत करने वाला कभी दुखी नहीं होता।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवारः 29 मार्च, 2026

यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा शास्त्रं तस्य करोति किम्।
लोचनाभ्यां विहीनस्य दर्पणः किं करिष्यति॥

जिसके पास अपनी बुद्धि नहीं है, शास्त्र (ज्ञान) उसका कुछ नहीं कर सकते। जैसे आँखें न होने पर दर्पण (आईना) व्यर्थ है।

## सम्पादकीयम्

### युद्धे सन्तुलनं स्थापयितुं श्रेयस्करम

पश्चिम एशियायां युद्धेन निर्मितस्य वैश्विकसंकटस्य मध्ये भारतस्य मुद्रा कियत् दूरं स्थिता अस्ति? अस्य प्रश्नस्य उत्तरं तदा एव भविष्यति यदा स्थितिः सुधरति, परन्तु एतत् स्मर्तव्यं यत् १९५० तमे दशके चीनदेशस्य केषुचित् प्रदेशेषु बृहत् भारतीयरजतमुद्राः व्यापकरूपेण प्रचलन्ति स्म अतः आगामिषु वर्षेषु भारतस्य प्रतिष्ठा वर्धयितुं शक्नोति, यदि न तु सुवर्णपक्षिरूपेण, तर्हि रजतमुद्राकूटनीतिरूपेण, बशर्ते लोकतान्त्रिकव्यवस्थायाः अन्तर्गतं राष्ट्रिय-अन्तर्राष्ट्रीय-हितयोः व्यापकराजनैतिकसहमतिः निरन्तरं उद्भवति . अमेरिका-ईरान-युद्धे विपक्षदलाः वा रूढिवादीनां मीडिया-मोगल-जनाः बहुवारं प्रश्नं कुर्वन्ति यत् भारतं इराणस्य मुक्ततया समर्थनं किमर्थं न करोति, अमेरिका-इजरायलयोः प्रति पूर्वाग्रहं न दर्शयति वा इति। काङ्ग्रेस-प्रधानमन्त्री नरसिंहारावस्य कार्यकाले इरान्-देशेन सह निकटसम्बन्धः अस्ति चेदपि १९९२-९३ तमे वर्षे इजरायल्-देशाय प्रदत्ता अनुमतिः अहं स्मर्तुं इच्छामि . तस्मिन् समये अहं नूतनदिल्लीनगरस्य बाराखम्बामार्गे एकस्मिन् भवने दैनिकहिन्दुस्तानस्य नूतनस्य इजरायलराजदूतस्य साक्षात्कारं कृतवान्। अपि च, किञ्चित्कालानन्तरं इरान्-देशस्य आयातल्लाह-सर्वकारेण एकसप्ताहस्य कृते इरान्-देशे त्रयः वा चत्वारः सम्पादकाः आमन्त्रिताः, येषु अयं लेखकः अपि आसीत् । तेषु नेशनल हेराल्ड् पत्रिकायाः

#### सभायां रक्षामन्त्री अवदत् ञ्च वर्तमानस्थित्या सह निवारणाय

# संकटस्य प्रभावस्य निवारणाय पश्चिम एशिया सज्जः राजनाथसिंहः



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशियायाः क्षीणस्थितेः, भारते तस्य सम्भाव्यप्रभावस्य च आलोके रक्षामन्त्री राजनाथसिंहः शनिवासरे मन्त्रिभिः सह बैठकं कृतवान्। रक्षामन्त्री अवदत् यत् पश्चिम एशियायां संकटेन सामान्यजनाः प्रभाविताः न भवेयुः इति केन्द्रसर्वकारः प्रयतते। अस्य कृते केन्द्रसर्वकारेण प्रयत्नाः प्रचलन्ति इति सः अवदत्।

समागमस्य अनन्तरं रक्षामन्त्री सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इत्यत्र पोस्ट् कृतवान् यत् प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी इत्यस्य नेतृत्वे सर्वकारः भारतीयजनतायाः रक्षणार्थं कस्यापि द्वन्द्वस्य प्रभावात् प्रतिबद्धः अस्ति। वर्तमानस्थितिं दृष्ट्वा सतर्कतायाः, समन्वितप्रयत्नस्य, अग्रे-दृष्टि-नियोजनस्य च आवश्यकता वर्तते । जनसमूहस्य आतङ्कस्य आवश्यकता नास्ति। केन्द्रेण उक्तं यत् देशे तैलस्य, गैसस्य च अभावः नास्ति। कार्तव्यभवन-2 इत्यत्र आयोजितायां बैठक्यां वित्तमन्त्री निर्मला सीतारामणः, केन्द्रीयसंसदीयकार्यमन्त्री किरेन रिजिजुः, स्वास्थ्यमन्त्री जेपी नड्डा, परमाणुऊर्जाराज्यमन्त्री जितेन्द्रसिंहः च उपस्थिताः आसन्।

प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी शनिवासरे स्वस्य सऊदीसमकक्षेण सह युवराजः मोहम्मद बिन् सलमानेन सह वातालापं कृत्वा पश्चिम एशियायां प्रचलति संघर्षस्य विषये चर्चां कृतवान्।

मोदी उक्तवान् यत् वातालापस्य कालस्य मध्ये पश्चिम एशिया क्षेत्रे ऊर्जा आधारभूतसंरचनायाः उपरि आक्रमणानां भारतस्य निन्दां पुनः उक्तवान्। मोदी इत्ययं पोस्ट् मध्ये लिखितवान् यत्, ₹नौकायानस्य स्वतन्त्रतां सुनिश्चित्य जहाजमार्गाः उद्घाटिताः सुरक्षिताः च स्थापनं च अत्यावश्यकम् इति वयं सहमताः।

अफवाः, गलतसूचनाः च निवारयितुं बलं दत्तम्

सभायां सचिवानां सप्त सशक्तसमूहाः प्रस्तुतिः कृतवन्तः। विभिन्नेषु उद्योगेषु वर्तमानस्थितेः प्रभावस्य आकलनस्य आवश्यकतायाः विषये अपि चर्चा अभवत् । रक्षामन्त्रालयस्य अनुसारं एतत् अपि निर्देशितम् आसीत् यत् सर्वे मन्त्रालयाः विभागाः च वर्तमानस्थित्या सह सम्बद्धानि प्रासंगिकानि सूचनानि, विकासानि, सल्लाहकाराः च व्हाट्सएप्प-चैनेल्-माध्यमेन साझां कुर्वन्तु येन समीचीना सूचना नागरिकेभ्यः प्राप्यते इति सुनिश्चितं भवति तथा च अफवाः, गलतसूचनाः, नकलीवार्ताः च प्रभावीरूपेण प्रतिकारं कुर्वन्ति।

केन्द्रसर्वकारेण शनिवासरे देशस्य नगरीयक्षेत्रेषु पीएनजीजालस्य तीव्रविस्तारस्य उपरि बलं दत्तम्। एलपीजी-आपूर्तिविषये चिन्तायां पीएनजी-जालस्य प्रचारः क्रियते । केन्द्रीय आवासः नगरकायार्णां च मन्त्री मनोहरलालखट्टरः प्रमुखप्राथमिकतानां सूचीं कृतवान्, यत्र सर्वप्रकारस्य परियोजनानां कृते एकस्थानस्य अनुमोदनव्यवस्था, नगरनियोजने गैसपाइपलाइनस्य एकीकरणं, अन्तिममाइलपर्यन्तं संपर्कस्य सुधारः च सन्ति

## सऊदी अरबदेशे अमेरिकी-अड्डे इराण-देशस्य आक्रमणे 15 सैनिकाः घातिताः

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ तेहरान/तेल अवीव

मध्यपूर्वे युद्धं खतरनाकं मोक्षबिन्दुं प्राप्तवान् अस्ति । शनिवासरे इजरायल्-देशेन इरान्-देशस्य अनेकाः सैन्य-अड्डाः ५०-तमेभ्यः अधिकैः युद्धविमानैः लक्ष्यं कृतम् । तस्य प्रतिक्रियारूपेण इरान्-देशेन सऊदी अरबदेशे अमेरिकी-अड्डेषु क्षेपणानि प्रहारितानि, येन १५ सैनिकाः घातिताः ।

इरान् तेल अवीव, कुवैट्, ओमान, दुबई च इत्येतयोः उपरि अपि आक्रमणं कृतवान् । इरान्-देशः अपि दुबई-नगरे युक्रेन-देशस्य ड्रोन्-विरोधी-प्रणाली-आगारं नष्टवान् इति दावान् अकरोत् यत् अमेरिका-देशस्य कृते कार्यं कुर्वन् आसीत् । अमेरिकनवृत्तपत्रे न्यूयॉर्कटाइम्स् इति वृत्तपत्रे प्रकाशितस्य समाचारानुसारं इरान्देशः सऊदी अरबदेशस्य प्रिन्स् सुल्तानवायुसेनास्थानके क्षेपणास्त्रैः ड्रोन्-आक्रमणेन च १५ अमेरिकीसैनिकाः घातिताः, तेषु पञ्च गम्भीररूपेण घातिताः इराणी-आक्रमणे मध्यवायु-इन्धन-पूरणं कुर्वन्तः अनेकाः विमानाः क्षतिग्रस्ताः अभवन् । ओमानी-देशस्य सलाला-बन्दरगाहस्य समीपे अमेरिकी-रसद-पोते अपि इरान्-आक्रमणम् अकरोत् । कुवैत-अन्तर्राष्ट्रीयविमानस्थानकस्य रडार-प्रणालीं अपि ड्रोन्-यानानि लक्ष्यं कृतवन्तः । अमेरिकीसैनिकानाम् वधस्य दावाः : इरान् दुबईनगरे गुप्तरूपेण अमेरिकी-अड्डेद्वये अपि आक्रमणं कृतवान् । इराणस्य केन्द्रीयमुख्यालयः हजरतखमत अल-अन्बिया इत्यनेन दावितं यत् अस्मिन् आक्रमणे अमेरिकीसैनिकानाम् अत्यधिकसंख्या मृता, यत्र तत्र निगूढाः प्रायः ५०० अमेरिकनसैनिकाः अपि सन्ति शनिवासरे प्रातःकाले यमनदेशस्य भूमौ इजरायलदेशं प्रति क्षेपणास्त्रं प्रक्षिप्तम्। इरान्-समर्थिताः हुथी-विद्रोहिणः अस्य आक्रमणस्य उत्तरदायित्वं स्वीकृतवन्तः । मध्यपूर्वसङ्घर्षे इजरायल्-देशे हौथी-विद्रोहिणः आक्रमणं प्रथमवारं कृतम् अस्ति।

## दिल्ली-नगरं गच्छन्त्याः विमानस्य इञ्जिनं विफलं भवति

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

विशाखापत्तनमतः दिल्लीं प्रति इण्डिगो विमानस्य शनिवासरे इञ्जिनस्य विफलता अभवत्, अतः इन्दिरागान्धी अन्तर्राष्ट्रीयविमानस्थानके आपत्कालीन अवरोहणं बाध्यम् अभवत्। समाचारानुसारं इन्डिगो-संस्थायाः विशाखापत्तनम्-दिल्ली-विमानस्य ६ई ५७९ इत्यस्य इञ्जिनस्य विफलतायाः कारणात् प्रातः १०:३९ वादने इन्दिरागान्धी-अन्तर्राष्ट्रीयविमानस्थानके पूर्णा आपत्कालः घोषितः ।तदनन्तरं प्रातः १०:५९ वादने विमानं सुरक्षिततया अवतरत् विमानं प्रायः १६० यात्रिकाः वहन्ति स्म । सर्वे यात्रिकाः सुरक्षिताः सन्ति। इन्डिगो एयरलाइन्स् इत्यस्य प्रवक्ता अवतरणस्य किञ्चित्कालपूर्वं तान्त्रिकसमस्या ज्ञाता इति अवदत्। यात्रिकाणां सुरक्षां मनसि कृत्वा विमानचालकाः प्राथमिकता-अवरोहणस्य अनुरोधं कृतवन्तः, ततः विमानं सुरक्षिततया देहलीनगरे अवतरत् ।

## राशिफल

**मेष** : आर्थिक रूप से दिन अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। स्वास्थ्य समस्या आपको परेशान नहीं कर सकेगी।

**वृषभ** : मूड कार्यस्थल पर पूरे माहौल को खुशनुमा बना सकता है। आर्थिक रूप से उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता

**मिथुन** : सिंगल लोग ऐसे लोगों की ओर आकर्षित होंगे, जो अच्छी कम्यूनिकेशन स्किल्स वाले हों.

**कर्क** : गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। अपनों का साथ मिलेगा। मस्तिष्क को ऊर्जा देने और उत्साहित करने की आवश्यकता होती है।

**सिंह** : सीनियर सहकर्मी और रिश्तेदार बड़ा सहयोग देंगे। जीवनसाथी के साथ अनबन हो सकती है।

**कन्या** : किसी नए काम की जिम्मेदारी मिल सकती है। कारोबार में विस्तार के योग हैं। आज एक शानदार दिन है,

**तुला** : व्यावसायिक सफलता मिल सकती है। नतीजतन, कोशिश करें कि एक समय में बहुत सारी चीजों का बोझ न उठाएं।

**वृश्चिक** : कुछ लोगों के लिए नया रोमांस आपका उत्साह बढ़ाएगा। किसी महत्वपूर्ण काम में सफलता मिल सकती है।

**धनु** : आर्थिक व व्यापारिक रूप से दिन अच्छा रहने वाला है। चंचल और रचनात्मक माहौल का स्वागत करें।

**मकर** : वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा।व्यापारिक स्थिति अच्छी रहेगी। करियर में सफलता की सीढ़ियां चढ़ेंगे।

**कुंभ** : आज शेयर मार्केट में निवेश करने से बचें। इस दौरान शुरू हुए समझौते और व्यापारिक अवसर सफल होने की संभावना है।

**मीन** : मन में उतार-चढ़ाव आ सकते हैं। यह आपकी कहानी को फिर से लिखने का मौका है।

## ज्योतिष/वास्तु

# भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की कृपा के लिए, कामदा एकादशी पर करें दान

सनातन धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व है और इसे भगवान विष्णु को समर्पित माना जाता है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को कामदा एकादशी के नाम से जाना जाता है, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन व्रत, पूजा और दान-पुण्य के माध्यम से जीवन में सुख, धन और समृद्धि आती है, और व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कामदा एकादशी को कभी-कभी फलदा एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। कामदा एकादशी 29 मार्च को मनाई जाएगी। इसका उल्लेख विष्णु पुराण में मिलता है और इसे सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला व्रत बताया गया है। इसका महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह रामनवमी के बाद आने वाली पहली एकादशी है। यदि इस दिन भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की जाए और व्रत रखा जाए तो



समस्त पापों का नाश होता है। इससे जीवन में शांति, समृद्धि और सुख-समृद्धि बनी रहती है।

मेष राशि के लोग शुभता और धन पाने के लिए इस दिन लाल मिठाई, लाल फल और दाल का दान करते हैं। इस दान से मन की पवित्रता बढ़ती है और सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। वृषभ राशि के लोग चावल, गेहूं, चीनी और दूध का दान करते हैं। यह दिन भगवान विष्णु को प्रसन्न करने का समय है, और यह दान परिवार में शांति और आर्थिक सुख भी बढ़ाता है। मिथुन राशि के लोगों को गाय को चारा खिलाना चाहिए और हरी सब्जियों का दान करना चाहिए। इससे घर में समृद्धि आती है और परिवार में शांति बनी रहती है। पुण्य की मात्रा बढ़ती है और उन्हें भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

कर्क राशि के लोग अपनी पवित्रता बढ़ाने के लिए खजूर, लस्सी और खट्टे दूध का दान करते हैं, जिससे सभी कठिनाइयां दूर हो जाती हैं। यह दान ईश्वर की कृपा को आकर्षित करता है। सिंह राशि के लोगों को भगवान विष्णु की पूजा करने के बाद लोगों में लाल फल और शरबत बांटना चाहिए। इससे मन शुद्ध होता है और घर में धन व सुख लाने में मदद मिलती है। कन्या राशि के लोगों के लिए सुहागिन महिलाओं को हरी चूड़ियों का दान करना बहुत शुभ माना जाता है। इससे परिवार में अच्छे रिश्ते, सुख और समृद्धि आती है। तुला राशि के लोगों को जरूरतमंदों को सफेद कपड़ों का दान करने से विशेष लाभ और धन की प्राप्ति होगी। उन्हें अपने घर और व्यापार में शुभ परिणाम मिलेंगे। वृश्चिक राशि के लोगों को दाल, लाल मिर्च और लाल फलों का दान करने से घर में समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और शांति प्राप्त होगी। यह दान भगवान विष्णु की कृपा लेकर आएगा।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com